

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 09

ग्वालियर, मंगलवार 04 अक्टूबर, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर



### सिद्धिदात्री माता

नवरात्रि में नवमी तिथि यानी अंतिम दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। इनके नाम से ही पता चलता है सिद्धियों को प्रदान करने वाली। इनकी पूजा से भक्त को सिद्धियों की प्राप्ति होती है। धार्मिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव को इन्हीं से सिद्धियों की प्राप्ति हुई थी और इन्हीं की अनुकंपा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी (नारी) का हुआ, जिसके बाद वे अर्द्ध नारीश्वर कहलाए। ये कमल के फूल पर विराजती हैं और सिंह इनका वाहन है। इनकी उपासना से भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग आज सिवानी में

**वाटिका न्यूज सिवानी मंडी।** हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग 4 अक्टूबर को सिवानी आएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए व्यापारी नेता एवं समाजसेवी सुशील सिंगला ने बताया कि हरियाणा मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग मंगलवार 4 अक्टूबर को सिवानी के व्यापारियों को अग्रवाल मेले के लिए निमंत्रण देने को लेकर निमंत्रण एक कार्यक्रम में भाग लेने आएंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहेंगे।

### जसप्रीत बुमराह वर्ल्ड कप से बाहर

**बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने स्कैन रिपोर्ट देखने के बाद लिया फैसला**



मुंबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है. स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है. बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने साफ कर दिया है कि जसप्रीत बुमराह वर्ल्ड कप खेलने के लिए फिट नहीं है. बीसीसीआई जल्द ही आईसीसी को बुमराह के रिप्लेसमेंट का नाम भेजेगा। बीसीसीआई ने बयान जारी कर कहा, मेडिकल टीम ने बताया है कि जसप्रीत बुमराह आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए फिट नहीं हैं. बुमराह की फिटनेस को लेकर एक्सपर्ट्स से सलाह लगी गई. बुमराह पहले पीठ के दर्द की वजह से सिर्फ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हुए थे. लेकिन अब बीसीसीआई वर्ल्ड कप के लिए जल्द ही बुमराह के रिप्लेसमेंट का एलान करेगा।

### भाप्रसे के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**श्री दीपक सिंह संभागायुक्त ग्वालियर बने**

भोपाल। राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की है। श्री दीपक सिंह अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल तथा आयुक्त, उच्च शिक्षा (अतिरिक्त प्रभार) को वि.क.अ. सह कमिश्नर ग्वालियर संभाग, ग्वालियर तथा कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना (अतिरिक्त प्रभार) पदस्थ किया गया है। श्री कर्मवीर शर्मा प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम, भोपाल पदेन उप सचिव ऊर्जा को अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा तथा प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम, भोपाल एवं पदेन उप सचिव ऊर्जा विभाग (अतिरिक्त प्रभार) पदस्थ किया है।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वायु सेना में स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचण्ड को शामिल करने पर दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय वायु सेना में विकसित स्वदेशी लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर प्रचण्ड को शामिल किए जाने पर भारतीय वायु सेना और हेलीकॉप्टर का उत्पादन करने वाले विशेषज्ञों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्म-निर्भर भारत की पहल में एलसीएच को वायु सेना में शामिल किया जाना मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# पूरे देश में हो आस्था से जुड़े समारोह की अनुगूंज

## जन-जन को जोड़ें 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण से : सीएम शिवराज

### प्रधानमंत्री मोदी द्वारा श्री महाकाल लोक के शिवार्पण के साक्षी बनेंगे प्रदेशवासी

ग्वालियर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ÷श्री महाकाल लोक÷ का लोकार्पण समाज को एक दिशा में ले जाने का अद्भुत समारोह होगा। इससे जन-जन को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में मिल कर प्रयास करने हैं। जिलों में भी उत्साह का वातावरण बना कर नागरिकों को कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से जोड़ कर प्रत्यक्षदर्शी बनाने के प्रयास किए जाएँ। लोकार्पण दिवस के संध्या काल में श्री महाकाल लोक परिसर के शिवार्पण के समय हर घर में दीप जलाए जाएँ। प्रत्येक नागरिक को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान 11 अक्टूबर को उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण के संबंध में निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा उज्जैन जिला प्रशासन और अन्य जिलों के कलेक्टर्स और जन-प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अद्भुत कार्यक्रम की तैयारियों के लिए परिश्रम के साथ प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित थे। जिलों से मंत्रीगण और कलेक्टर्स वर्चुअल शामिल हुए।




यहाँ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के व्हीसी कक्ष में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी को महाअष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि श्री महाकाल लोक के लोकार्पण से सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को वर्चुअली जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। जिलों के प्रमुख मंदिरों में टी.वी. स्क्रीन से आमजन को इस कार्यक्रम को देखने का अवसर मिलेगा। यह मध्यप्रदेश ही नहीं, संपूर्ण देशवासियों के लिए आस्था और सामाजिक एकता से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

### जिलों में लोकार्पण कार्यक्रम का प्रसारण देखने के लिए वातावरण बनाएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोकार्पण समारोह की आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर की शाम 6 बजे श्री महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में मनाया जाना है। इसके लिए जिलों में ऐसा वातावरण बनाया जाएँ, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम देख सकें। ग्राम के किसी एक मंदिर में सभी ग्रामवासी एकत्र होकर समारोह के सहभागी बनेंगे। शहरी क्षेत्र में वार्डों में भी प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम प्रसारण की व्यवस्था करने को कहा गया है।

## विराट को तीसरे टी-20 में आराम

**इंदौर में आज होगा साउथ अफ्रीका से आखिरी मुकाबला**

इंदौर। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मंगलवार को इंदौर में खेला जाना है। भारतीय टीम तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी में हुए पहले दो मैच को जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है। इसलिए भारतीय टीम मैनेजमेंट ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को तीसरे मैच से आराम देने का फैसला किया है।

**विराट मुंबई रवाना हो गए**

तीसरे मैच से आराम मिलने के बाद विराट कोहली अपने परिवार से मिलने मुंबई रवाना हो गए। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों में 3 और 49 रन की नाबाद पारियां खेली थीं।

इसी महीने ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कप शुरू होना

## पीएम गति शक्ति : चीन में ताला लगाने को तैयार है भारत

### 100 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का है प्लान

नई दिल्ली, एजेंसी । केंद्र की मोदी सरकार एक ऐसी योजना पर काम कर रही है, जिसके जमीन पर उतर जाने से भारत, अमेरिका और चीन जैसे देशों की कतार में खड़ा हो जाएगा. वहीं इस योजना के जरिए वो सभी अटके सरकारी काम और योजनाएं पूरी कर ली जाएंगी जो सालों से अधर में लटकी पड़ी हैं. इन अटकी योजनाओं को पीएम गति शक्ति मिशन के तहत किया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को ÷पीएम शक्ति मिशन÷ की घोषणा की थी. इस योजना के तहत देश के इंफ्रांस्ट्रक्चर पर काम करना है।



पीएम शक्ति मिशन के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह देश में इंफ्रांस्ट्रक्चर की चुनौतियों से निपटने के लिए एक समग्र योजना है. बता दें कि पीएम मोदी से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2022 को अपने बजट भाषण में कई बार पीएम शक्ति मिशन का जिक्र किया था. सीतारमण ने खासतौर से अपने भाषण में हाइवे और रेलवे प्रोजेक्ट्स पर जोर दिया था. लेकिन क्या आप जानते हैं कि पीएम गति शक्ति मिशन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है और इससे आपको क्या फायदा होगा? आइए पीएम गति शक्ति मिशन के बारे में जानते हैं।

### 100 लाख करोड़ की योजना

दरअसल, पीएम गति शक्ति मिशन भारत सरकार की 100 लाख करोड़ रुपए की योजना है. जिसका मकसद इंफ्रांस्ट्रक्चर क्षेत्र में रिफॉर्म लाना है. इस योजना के तहत भारत सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों के अंतर्गत चल रहे विभिन्न इंफ्रांस्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में तालमेल के साथ में उन्हें पूरा करना है. वहीं इस मिशन के तहत मोदी सरकार ने 16 मंत्रालयों को एक जगह लाया गया है, जो समन्वय के साथ काम करेंगे।

## आत्मनिर्भर भारत का आरंभ है 'प्रचंड'

### भारत को मिला स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर

### हर मिनट 750 गोलियां दागता है; ऐसी ताकतों ने बनाया प्रचंड

जोधपुर, एजेंसी । भारत ने 22 साल पहले जो सपना देखा था, वो अब पूरा हो गया है। इतने सालों की मेहनत के बाद एयरफोर्स को सोमवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर मिल गया है। इसकी कैनन से हर मिनट 750 गोलियां दागी जा सकती हैं। इसकी खासियतों की वजह से ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे प्रचंड नाम दिया है।

### रक्षा मंत्री ने उड़ान भरी, प्रचंड नाम की वजह बताई

नवरात्रि में अष्टमी के दिन प्रचंड एयरफोर्स के बेड़े में शामिल हुआ। राजनाथ सिंह ने इस हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। उन्होंने कहा, ÷प्रचंड को वायुसेना में शामिल करने के लिए नवरात्रि से अच्छा समय और राजस्थान की धरती से अच्छी जगह नहीं हो सकती है। यह भारत का विजय रथ है। लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर सारी चुनौतियों पर खरा उतरा है। दुश्मनों को आसानी से चकमा दे सकता है। इसके नाम के साथ भले ही लाइट जुड़ा हो, लेकिन इसका काम भारी है।



### इन ताकतों की वजह से है ये प्रचंड

यह हेलिकॉप्टर तपते रेगिस्तान, बर्फीले पहाड़ों समेत हर कंडीशन में दुश्मनों पर हमला करने का माद्दा रखता है। इसकी कैनन से हर मिनट में 750 गोलियां दागी जा सकती हैं। यह एंटी टैंक और हवा में मारने वाली मिसाइलें से भी लैस किया जा सकता है।

## कश्मीर के महामिशन पर गृहमंत्री

### अमित शाह आज वैष्णो देवी के दरबार में टेकेंगे मत्था

### राजौरी में करेंगे रैली, सुरक्षा चौकस



जम्मू, एजेंसी । गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू-कश्मीर के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं. गृह मंत्री कल सुबह माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जाएंगे. उससे पहले ही कटरा व उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं. जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के जवान माता के भवन के रास्ते पर तैनात किए गए हैं. कटरा शहर व आसपास के इलाकों में स्पेशल नाके लगाए गए हैं. एसएसपी ऑपरेशन मोहम्मद असलम खुद यात्रियों से मिलकर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दे रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह कल राजौरी में एक बड़ी रैली को भी संबोधित करेंगे. दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध पूरे इलाके में किए गए हैं. एलओसी से लेकर शहर तक आने वाले सभी रास्तों पर नाके लगाए गए हैं. कड़ी सुरक्षा जांच की जा रही है. रैली स्थल पर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध हैं. जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात किए गए हैं. रैली स्थल को सील कर दिया गया है।

## अलविदा मॉनसून : देश में सामान्य से 6 फीसदी ज्यादा बारिश, फिर भी कई इलाके सूखे

### मॉनसून सीजन जून से सितंबर तक होता है. अब पोस्ट मॉनसून बारिश होगी

नई दिल्ली, एजेंसी । देश में मॉनसून का सीजन खत्म हो गया है. मॉनसून सीजन जून से सितंबर तक होता है. अब जो बारिश होगी, उसे पोस्ट मॉनसून सीजन में गिना जाएगा।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मॉनसून सीजन में 925 मिलीमीटर बारिश हुई है. जबकि, सामान्य बारिश का आंकड़ा 868.6 मिमी है. पिछले साल सामान्य से 1त्न कम बारिश हुई थी. जबकि, 2020 में 9त्न और 2019 में 10त्न ज्यादा बारिश हुई थी. ये लगातार चौथा साल है, जब अच्छी बारिश हुई है. हालांकि, इसके बावजूद देश का 17त्न इलाका सूखे की चपेट में रहा। देश में 36 मौसम संभाग हैं. इनमें से 40त्न इलाके को कवर करने वाले 12 संभागों में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है. वहीं, 43त्न इलाके को कवर करने वाले 18 संभागों में सामान्य बारिश हुई है. जबकि, 6 संभागों में सामान्य से कम बारिश हुई है. ये संभाग देश 17त्न इलाके को कवर करते हैं. इन इलाकों में सामान्य से 20त्न से 59त्न तक बारिश कम हुई है।

### किन इलाकों में रहा सूखा?

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन इलाकों में सामान्य से 20 फीसदी से ज्यादा कमी रही, उनमें मणिपुर, मिजोरम,



त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं. ये पूरा देश का 17 फीसदी इलाका है. रिपोर्ट कहती है कि सितंबर महीने में बारिश अच्छी हो गई, वरना यहां सूखे से हालात और बुरे हो सकते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, जून में सामान्य की तुलना में 92त्न बारिश हुई. जबकि, जुलाई में 117त्न, अगस्त में 103त्न और सितंबर में 108त्न ज्यादा बारिश हुई.इस साल मॉनसून जल्दी भी आ गया था. इस साल देश में मॉनसून ने केरल में 29 मई को दस्तक दे दी थी, जबकि आमतौर पर ये 1 जून को आता है. वहीं, 2 जुलाई तक मॉनसून पूरे देश में आ गया था, जबकि ये 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर करता है।

### अब आगे क्या ?

मॉनसून की विदाई भले ही हो गई हो, लेकिन अभी 13 अक्टूबर तक पानी बरसने की संभावना है. मौसम विभाग के डीजी मृत्युंजन महापात्रा ने बताया कि देश के ज्यादातर हिस्सों से 20 सितंबर से मॉनसून की वापसी शुरू हो गई थी।

लेकिन मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में 5 अक्टूबर से फिर से पानी बरसने की संभावना है.अक्टूबर में सामान्य से 115त्न ज्यादा बारिश होने की संभावना है. इस महीने में 75.4 मिमी बारिश को सामान्य माना जाता है।

## बुमराह के बिना भी भारतीय टीम ने जीते हैं कई मैच

**मुम्बई।** भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टी20 विश्व कप से ठीक पहले चोटिल होने के कारण टीम की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं। वहीं प्रशंसक भी निराश हैं। सभी जानते हैं कि बुमराह एक मैच विजेता गेंदबाज हैं और ऐसे में टीम इंडिया के लिए अहम हो जाते हैं। वहीं अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो सामने आयेगा कि बुमराह के बिना भी टीम इंडिया ने पिछले एक वर्ष में कई मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कुल 38 टी20 मुकाबले खेले हैं। जिसमें से उसे 28 में जीत मिली है। एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला।


बुडापेस्ट में घुड़सवारी दौड़ में भाग लेते हुए सर्बिया के एलेन ओरडोग व अन्य प्रतियोगी।

# मयंक के सिर में लगी गेंद



**राजकोट।** ईरानी कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सिर में गेंद लगने से चोटिल हो गये हैं। मयांक को तत्काल अस्पताल में जांच के लिए ले जाया गया जहां उनका सीटी स्कैन हुआ। मयंक को सौराष्ट्र की दूसरी पारी की शुरुआत से ठीक यह थ्रो लगा था हालांकि वह अब पूरी तरह से ठीक हैं। यह मामला राजकोट में सौराष्ट्र और शेष भारत के बीच जारी ईरानी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन का है। इससे पहले सौराष्ट्र और शेष भारत के बीच कोरोना महामारी के कारण ईरानी कप नहीं हो पाया था। इस मैच में मयंक ने 14 गेंदों में 11 रन बनाए थे। इस मैच में शेष भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शेष भारत की ओर से तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, उमरान मलिक और कुलदीप सेन ने सौराष्ट्र की टीम को केवल 98 रनों पर ही आउट कर दिया। मुकेश ने पहली पारी में 4 विकेट लिए, जबकि उमरान मलिक और कुलदीप को तीन-तीन विकेट मिले।वहीं अपनी पहली पारी में शेष भारत ने सरफराज खान के शतक और कप्तान हनुमा विहारी की 82 रनों की शानदार पारी की सहायता से 374 रन बनाए। वहीं दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक सौराष्ट्र ने दो विकेट पर 49 रन बनाये थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बुमराह की चोट हमारे लिए चिंता की बात : रोहित



**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह का चोटिल होना हमारे लिए चिन्ता का विषय है। साथ ही कहा कि हमें अंतिम ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। भारतीय टीम ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे टी20 में सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल के अर्धशतकों से भारतीय टीम से आसानी से जीत हासिल कर ली है। इस मैच में भारतीय टीम को गेंदबाजी के दौरान बुमराह की कमी महसूस हुई। इसका कारण है कि अंतिम दो ओवरों में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 46 रन बटोर लिए। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने तूफानी पारी खेलते हुए 47 गेंद में नाबाद 106 रन बनाये। रोहित ने कहा, '' बुमराह की चोट हमारे लिए चिंता करने वाली बात है। हमें आखिरी ओवरों की गेंदबाजी पर ध्यान देना है।''

### खेल को बेहतर बनाने में लगी है नवनीत



**बेंगलुरु ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा है कि वह आगामी पेरिस ओलंपिक को देखते हुए अपने खेल को बेहतर करने पर ध्यान दे रही है। नवनीत के अनुसार अगले साल एशियाई खेल भी होने हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल उनके लिए एक अच्छा अभियान था, क्योंकि उन्होंने 16 साल के बाद कांस्य पदक जीता था। इस फारवर्ड खिलाड़ी ने कहा कि वह आगे बढ़ने वाली टीम में अपने को बड़ी भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं। नवनीत ने कहा, 'मुझे अपने गेम में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे मैं गेंद को नियंत्रित करने में बेहतर हो सकूं और बदले में खेल की गति को नियंत्रित करने में सक्षम हो सकूं, क्योंकि तब मैं अपनी गति से खेल सकती हूं और हालातों के अनुसार अपने गेम को चला सकती हूं।' राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान को लेकर उन्होंने कहा, 'पदक जीतने पर हमें बहुत खुशी हुई है, भले ही हमारी टीम सेमीफाइनल में हार के बाद थोड़ा निराश महसूस कर रही थी। टीम में सभी को कांस्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हुए देखना विशेष था।

### धोनी का ये रिकार्ड इस बार भी रहेगा बरकरार



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का इस बार भी एक रिकार्ड बना रहेगा। धोनी ऐसे एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 और एकदिवसीय विश्वकप जीते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 8वें टी20 वर्ल्ड कप में एक भी ऐसा कप्तान नहीं हैं जिससे ये दोनो ही कप जीते हों। इसमें भाग ले रही टीमों के एक भी कप्तान ने अब तक विश्वकप नहीं जीता है। ऐसे में कोई भी धोनी के करीब नहीं पहुंचेगा। वेस्टइंडीज के डेरेन सैमी ने बतौर कप्तान सबसे अधिक दो बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता है। वहीं इंग्लैंड के पॉल कोलिंगवुड, ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच, श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और पाकिस्तान के यूनुस खान ने बतौर कप्तान एक-एक बार ही टी20 विश्वकप जीता है।

# महिला एशिया कप : भारतीय टीम ने मलेशिया को 30 रनों से हराया



**सिलहट ।** भारतीय टीम ने वर्षा प्रभावित महिला एशिया कप क्रिकेट 2022 के अपने दूसरे मुकाबले में मलेशिया को 30 रनों से हरा दिया। भारतीय टीम ने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था। वहीं इस दूसरे मैच में बारिश की बाधा के कारण भारतीय टीम को डीएलएस तकनीक के आधार पर विजेता घोषित किया गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला क्रिकेटरों ने मलेशिया को 182 रन का कठिन लक्ष्य दिया। भारतीय टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज एस मेघना ने 69 रन बनाये। यह मेघना के करियर का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक रहा। इस बल्लेबाज ने 53 गेंद में ये 69 रन बनाये जबकि शेफाली वर्मा ने 39 गेंद में 46 रनों की पारी खेलकर अपना फार्म हासिल कर लिया। वहीं मलेशिया की ओर से नूर दानिया सुहादा ने नौ रन देकर जबकि कप्तान विनिफ्रेड दुराइसिंगम ने 36 रन देकर दो-दो विकेट लिए।वहीं इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मलेशिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम की कप्तान विनिफ्रेड दुरईसिंगम खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद दूसरी बल्लेबाज वान जूलिया भी एक रन बनाकर आउट हो गयीं। इस प्रकार टीम ने शुरुआत में ही दो अहम विकेट खो दिये। इसके बाद मास एलिसा ने 17 गेंदों पर 14 रन बनाकर टीम को संभालने का प्रयास शुरु किया पर वह नाकाम रहीं। 5.2 ओवर में जब टीम ने दो विकेट पर 16 रन बना लिए थे तब एक बार फिर जोर की बारिश शुरु हो गयी जिसके बाद दोबारा मैच शुरु नहीं हो पाया।

# तीसरे टी20 में जीत के साथ ही क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

**इंदौर ।** टीम इंडिया यहां मंगलवार को होल्कर स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम मैच में जीत दर्ज करने के साथ ही बेहतर गेंदबाजी के इरादे से उतरेगी। टीम इंडिया ने यह सीरीज पहले ही 2-0 से अपने नाम कर ली है। ऐसे में इस मुकाबले को केवल औपचारिकता माना जा रहा है। इसके बाद भी टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में अपनी टीम के गेंदबाजों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चाहेंगे। अब तक टीम उम्मीद के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर पायी है। विशेषकर डेथ ओवरों में प्रभावी नहीं होने के कारण काफी रन गये हैं। आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए टीम को अपनी गेंदबाजी में सुधार करना होगा। होगा। घरेलू धरती पर हो रही इस सीरीज में भारतीय टीम कुछ अहम खिलाड़ियों को आराम देकर युवाओं को अवसर दे सकती है। ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी बेहतर लग रहा है। टीम में हालांकि अधिकतर बल्लेबाज वही हैं जो यूएई में पिछले टूर्नामेंट में शामिल थे पर इस दौरान टीम के रवैये में आये बदलाव से अंतर आया है। अब वह आक्रामक हो गयी है। विश्वकप से पहले टीम के प्रमुख बल्लेबाजों विराट कोहली , लोकेश राहुल और सूर्याकुमार ने लय हासिल कर ली है। राहुल ने दूसरे टी20 में आक्रामक अर्धशतक लगाकर अपने स्ट्राइक रेट को लेकर उठाये जा रहे सवालों पर भी विराम लगा दिया है। एशिया कप से अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और इस दौरान तीन अर्धशतक के अलावा एक शतक भी लगाया है। कप्तान रोहित शर्मा ने भी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कुछ शानदार पारियां खेली हैं। वहीं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव भी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और विरोधी टीम के गेंदबाजों के लिए अब उन्हें रोकना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में अगर सूर्यकुमार को आराम दिया जाता है तो श्रेयस अय्यर को उनकी जगह अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को श्रृंखला में अब तक बल्लेबाजी का अवसर नहीं मिला है। वहीं दिनेश कार्तिक को दूसरे टी20 में केवल सात गेंद खेलने को ही मिली और ऐसे में उन्हें बल्लेबाजी में थोड़ा ऊपर खेलने का अवसर मिल सकता है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से सही गेंदबाजी संयोजन तय करना होगा जिससे टीम डेथ ओवरों में प्रभावशाली साबित हो। बुमराह की जगह पर मोहम्मद सिराज को खेलने का अवसर मिल सकता है। टी20 विश्व कप के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल दीपक चाहर नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी करते रहे हैं पर पारी के अंतिम ओवरों में उनकी गेंदबाजी कितनी सफल रहती यह अभी तक सामने नहीं आया है। वहीं बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने नई और पुरानी दोनो गेंदों से कसी हुई गेंदबाजी की है पर दूसरे टी20 में वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये।वहीं वापसी के बाद तेज गेंदबाज हर्षल पटेल में अभी तक पहले वाला पैनापन नहीं दिखा। इसके अलावा अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी सफल नहीं रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को नमी के कारण गेंद को पकड़ने में परेशानी हुई जिससे कई गेंदें फुलटॉस गयीं और अब वह इसमें भी सुधार करना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से जिस प्रकार दूसरे टी20 में डेविड मिलर ने तूफानी बल्लेबाजी की है। उस सिलसिले को वह आगे भी जारी रखना चाहेंगे। दूसरे मैच में मिलर ने शतक लगाया जबकि क्विंटन डिकॉक ने भी अर्धशतकीय लगाया। टीम हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा के फॉर्म में आने की उम्मीद कर रही होगी। बावुमा अब तक हुए दोनो ही मैच में शून्य पर ही आउट हो गये थे। बावुमा का कहना है कि मिलर ने काफी अच्छी बल्लेबाजी की है पर टीम की गेंदबाजी उसका कमजोर पक्ष साबित हुई है।



### भारतीय टीम इस प्रकार है

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, मार्को जेनसन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, वेन पार्नेल, एंडिले फेहलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियर्स, कागिसो रबादा, रिली रोसेयु, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।


चेंगडू में पुअर्टो रिको की डेनिली रियोस महिलाओं के टीम समूह मुकाबले में रिटर्न शॉट लगाती हुई।

### हमारी गेंदबाजी कमजोर रही : बावुमा



**गुवाहाटी ।** दूसरे टी20 में भी मिली हार से निराश दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा ने इसके लिए अपनी टीम की कमजोर गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया है। बावुमा ने हालांकि तेजी से शतक लगाने वाले अपने बल्लेबाज डेविड मिलर की जमकर तारीफ की और कहाकि इसी कारण उसे इस प्रारुप का सबसे बेहतर बल्लेबाज कहा जाता है। बावुमा ने कहा, 'गेंद के साथ हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ नहीं था। हम अपनी योजनाओं पर अमल नहीं कर पाये। अब इसे सही प्रकार से लागू करने के लिए हमें आपस में बातचीत करनी होगी।'वाबुमा ने साथ ही कहा, 'हम सोच रहे थे कि लक्ष्य हासिल कर लेंगे पर 240 बहुत ज्यादा था। मिलर का प्रयास दिखाता है कि सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक किस कारण से है। वे अच्छा महसूस कर रहा हैं और आज हम उसके प्रदर्शन से काफी आत्मविश्वास हासिल कर सकते हैं। भारतीय गेंदबाजों ने गेंद को स्विंग कराया और एक बार जब गेंद ने स्विंग करना बंद कर दिया।

## स्पेनिश क्लब से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम



**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम 11 अक्टूबर से भुवनेश्वर में शुरू होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप से पहले रविवार को स्पेन में बार्सिलोना क्लब से एक मैत्री मैच खेलेगी। विश्व कप से पहले यह टीम का अंतिम अभ्यास मैच होगा। टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनरबी ने कहा कि हम इस मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।डेनरबी ने कहा कि विश्व कप में जीत के लिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हर कोई खिलाड़ी अपनी जिम्मेदारी जानता है। उसे पता है कि क्या करना चाहिए। विश्वकप जैसे टूर्नामेंट में गलतियों के लिए कोई जगह नहीं होती ।

# रोहित बने भारत के सबसे सफल कप्तान

### सबसे अधिक रनों के मामले में विराट अब भी शीर्ष पर



**गुवाहाटी।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में मिली जीत के बाद एक अहम उपलब्धि हासिल की है। रोहित ने अब तक कप्तान के तौर पर 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में जीत हासिल की की है। इस प्रकार अब वह भारत के सबसे सफल कप्तान बन गये हैं। इससे पहले 2016 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तान में टीम ने सबसे अधिक 15 मैच जीते थे। अब रोहित की नजरें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का रिकार्ड तोड़ने पर लगी हैं। आजम के नाम अभी एक साल में सबसे अधिक 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने का रिकार्ड है। रोहित के पास टी20 विश्वकप में इस रिकार्ड को तोड़ने का अवसर है। वह टी20 विश्व कप के दौरान यह आंकड़ा हासिल कर सकते हैं। रोहित अब एक एक साल में सबसे अधिक जीत के मामले में पाक के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद की बराबरी पर आ गये हैं। उन्होंने साल 2018 में 17 मैच जीते थे जबकि बाबर ने साल 2021 में सबसे अधिक 20 जीत का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

### घर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीतने वाले पहले कप्तान हैं रोहित

गुवाहाटी । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहि शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। रोहित अब ऐसे पहले भारतीय कप्तान बन गए जिन्होंने घरेलू धरती पर दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ टी20 सीरीज जीती। इससे पहले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली इसमें विफल रहे थे। साल 2015 में धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम को अफ्रीकी टीम के हाथों 0-2 से हार मिली थी जबकि साल 2019 में विराट की कप्तानी में सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही भी। इसके अलावा इसी साल जून में हुई सीरीज भी दक्षिण अफ्रीका से 2-2 से बराबरी पर रही थी। इसमें भारतीय टीम की कप्तानी ऋषभ पंत के पास थी। टीम इंडिया ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। इस मैच में भारत की ओर से लोकेश राहुल और सूर्यकुमार ने अर्धशतक लगाये। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 237 रन बनाये। इसके बाद डेविड मिलर और क्विंटन डिकॉक के बीच नाबाद 69 रनों की साझेदारी के बाद भी दक्षिण अफ्रीकी टीम तीन विकेट पर 221 रन ही बना पायी।

## संपादकीय

# गांधीजी का अपमान क्यों?

कोलकाता के दुर्गा-पूजा पंडाल में 'असुर' की जगह एक ऐसा चित्र लगा दिया गया, जो एकदम गांधीजी की तरह दिखाई पड़ता है। यह चित्र अ.भा. हिंदू महासभा की बंगाल शाखा ने लगाया है। हिंदू महासभा के नेताओं ने कहा कि वह असुर गांधी-जैसा दिखता है तो हम क्या करें? यह तो जो हुआ है, वह संयोगवश हो गया है? इन नेताओं की इस सफाई पर कौन विश्वास करेगा? लेकिन इस बात से यह सिद्ध हो रहा है कि ये लोग दब्बू और कायर हैं। झूठे भी हैं। यदि ये अपने आप को हिंदू कहते हैं तो ये वास्तव में दुनिया के हिंदुओं को शर्मिंदा कर रहे हैं। ये क्या यह नहीं सिद्ध कर रहे हैं कि हिंदुत्व के नामलेवा लोग डरपोक और कायर होते हैं? ये अपने आप को नाथूराम गोडसे का प्रशंसक कहते हैं लेकिन अगर गोडसे जिंदा होता तो वह भी इन पर थूक देता। वह इनसे कहता कि मैं तुम्हारी तरह कायर होता तो गोली-चलाने के बाद भाग खड़ा होता या अदालत में झूठ बोलने लगता और दावा करता कि मैंने गांधी को नहीं मारा। बंगाली हिंदू सभाइयों ने गांधीजी को असुर या राक्षस बताने की जो कोशिश की है, वह पहली और एक मात्र नहीं है। गांधीजी की प्रतिमा को कई लोगों ने भारत और विदेशों में भी भंग किया है और ग्वालियर में गोडसे की मूर्ति भी बनाई गई है। अदालत में दिए गए गोडसे के बयान को पुस्तक के रूप में छपाकर गुपचुप बांटा भी जाता है। इसके मूल में दो तत्व काम कर रहे हैं। एक तो मुस्लिम-विरोधी भाव और दूसरा कांग्रेस से घृणा! जहां तक आज की कांग्रेस का सवाल है, उसका महात्मा गांधी से कुछ लेना-देना नहीं है। वह फिरोज-इंदिरा गांधी (गांधी नहीं) परिवार है। आपको उससे भिड़ना है तो जरूर भिड़ें लेकिन गांधीजी पर बरसने का कोई कारण नहीं है। जहां तक मुस्लिम-घृणा का सवाल है, पिछले 75 साल में भारत बहुत बदल गया है। उसमें न तो कोई मुस्लिम लीग है और न ही कोई जिन्ना है। अब मुस्लिम लीग को टक्कर देने के लिए किसी हिंदू महासभा की जरुरत भी नहीं रह गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के इस ऐतिहासिक कथन पर ध्यान दीजिए कि हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। यदि हिंदुओं के नाम पर बना संगठन-हिंदू महासभा- ऐसा बर्ताव करे, जैसा कि इस्लाम के नाम पर अरब आक्रमक बादशाह और ईसा के नाम पर रोम के पोप किया करते थे तो अब आप वैसा ही करके क्या भारत या हिंदुत्व की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं? गांधीजी मनुष्य थे। गलतियां उनसे भी हुई हैं लेकिन गांधी जैसा मनुष्य इस पृथ्वी पर कोई दूसरा अभी तक तो पैदा नहीं हुआ है, उसे आप 'राक्षस' या 'असुर' बताकर दुनिया को क्या संदेश देना चाहते हैं? आपके कुछ भी कहने से गांधी का तो कुछ भी नहीं बिगड़नेवाला है लेकिन जो आक्षेप आप गांधी पर लगा रहे हैं, क्या वह आप ही नत्थी नहीं हो रहा है?

# सरकारों की कथनी और करनी के अंतर से बढ़ी नशाखोरी




मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हुक्का लाउंज जैसे नशे की दुकानों पर बुलडोजर चलाने की बात कही है। मुख्यमंत्री का कथन निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। सरकार की कथनी और करनी में अंतर नहीं होता। तो नशे जैसी समस्याओं पर बहुत पहले ही नियंत्रण में रखने में सरकार समाज और परिवार सफल होते। यदि हुक्का बार संचालित हो रहे हैं। तो इसमें भी सरकारों की अनुमति मिली हुई है। अब बुलडोजर चलेगा तो इसमें भी सरकार की अनुमति होगी। कुछ दशक पहले परिवार के नैतिक मूल्यों में नशा सबसे बुरा माना जाता था। जिस पीढ़ी का मैं हूं, उस पीढ़ी में यदि कोई आदमी शराब, गांजा, भांग इत्यादि का सेवन करता था। तो परिवार और समाज में उसकी निंदा होती थी। आमतौर पर शराब गांजा भांग आसानी से उपलब्ध नहीं होते थे। बहुत कम दुकानें होती थी, जहां नशीले पदार्थ बिकते थे। उनके आसपास से गुजरना या उनके सामने खड़े होने पर भी भय लगता था, कि समाज में उनकी पहचान नशेड़ी-गंजेड़ी के रूप में ना हो जाए। परिवार जनों को पता लगने पर भी इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया होती थी।

समय बदला, सरकारों ने शराब और नशीले पदार्थों से कमाई करने के लिए शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री के लिए बड़ी संख्या में दुकानें खोलीं। देसी-विदेशी शराब की दुकानें गांव-गांव में खोली गईं। सरकारों ने शासकीय खजाने को भरने के लिए नशीले पदार्थों से तिजोरी भरने का काम किया। उसके बाद परिवार और समाज के लोगों के लिए भी नशा रोकना बड़ा मुश्किल हो गया। वह अपने बच्चों और परिवारजनों को किस तरह रोक पाएं। जब हर गली मोहल्ले में शराब की दुकानें खुली हो जगह-जगह हुक्का बार खुले हों। को एजुकेशन और कोचिंग के इस समय काल में युवा-युवती बड़ी संख्या में नशा करने को आधुनिकता से जोड़कर स्वयं को श्रेष्ठ मानने लगे।

हुक्का लाउंज में नशीले पदार्थों का सेवन करने के लिए युवा युवती बड़ी संख्या में हुक्का लाउंज में पहुंच रहे हैं। लव पॉइंट भी बन गए हैं। इसी तरह शराब के देसी विदेशी ठेके और उनसे लगे हुए अहाते में बैठकर शराब पीना सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाने लगा है। जो शराब पीता है,और दोस्तों को पिला सकता है। उसकी स्टेटस समूह में बढ़ जाती है।

सरकारें सरकारी खजाने भरने के लिए शराब की बिक्री को जायज ठहराती हैं। अंग्रेजी शराब के बड़े बड़े ब्रांडों ने इसे सामाजिक स्टेटस से जोड़ दिया है। शराब पीना पिलाना अब एक सामाजिक व्यवस्था का अंग सा बन गया है। परिवार का नियंत्रण युवाओं पर खत्म होता जा रहा है। खुलेआम नशे के नाम पर सरकारें अरबों खरबों रुपए की कमाई करती है।

नशाखोरी के कारण वैवाहिक एक्सीडेंट होते हैं। पारिवारिक कलह बढ़ती है। कम उम्र में लोग बीमार होने लगे हैं। युवावस्था में स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। युवा अवस्था में इलाज का खर्च लगातार बढ़ रहा है। इससे समाज, परिवार और सरकार तीनों के ऊपर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके बाद भी सरकार यदि नशे को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस काम करने के स्थान पर, केवल भाषण बाजी करती है। यह बात आम आदमी के दिमाग में इसी तरह बैठी है, जैसे (पर उपदेश कुशल बहुतेरे) उपदेश, सुनने के लिए होते हैं, ना कि मानने के लिए।

हर साल 2 अक्टूबर आता है। नशा मुक्ति के लिये बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। बड़े नेता और विद्वानों के भाषण होते हैं। कार्यक्रमों में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। इसके बाद भी समस्या कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। इसका कारण केवल-केवल-केवल सरकारें हैं। सरकारें यदि नशीले पदार्थों की बिक्री और आवाजाही में रोक लगाये, कड़ा नियंत्रण हो। कम से कम दुकानें शराब एवं नशीले पदार्थों की हों। नशीले पदार्थ केवल उन्हीं स्थितियों में उपलब्ध हो,जहां उसके बिना कोई बहुत बड़ा नुकसान होने जा रहा हो। सरकार अपने नियम कानून और व्यवस्था को बहतर बनाए। ऐसी स्थिति में समाज और परिवार के सदस्य भी नशे को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभा सकेंगे।

धार्मिक संतों की भी बात का असर अब आम लोगों पर नहीं पड़ रहा है। पूंजीवादी युग में धार्मिक संतों में भी भौतिक सुख सुविधाओं की मांग बढ़ी है। जो लोग जितना ज्यादा पैसा साधु-संतों को दान मे देते है। उन्हें धार्मिक मंचों में अच्छा धर्म गुरुओं का वैसा ही सम्मान मिलता है। जब नशाखोर व्यक्ति या नशे का धंधा करने वाला धार्मिक मंचों से सम्मानित होते हैं।

# बेटी तो इन स्वयंभू सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों से बचाने की ज़रुरत

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मुहिम के झंडाबरदारों द्वारा उत्तरांचल की एक और बेटी अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गयी। 19 वर्षीय अंकिता ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र और चीला के बीच स्थित वंतरा नामक एक रिज़ॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती थी। इस रिज़ॉर्ट का स्वामित्व भाजपा नेता और पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य का बताया जा रहा है। आरोप है कि अंकिता की हत्या रिज़ॉर्ट संचालक पुलकित आर्य और रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ और उसके एक अन्य सहयोगी रिज़ॉर्ट कर्मी ने कर उसकी लाश नहर में फेंक दी। हत्यारों पर आरोप है कि वे बार बार अंकिता भंडारी को अपने व अपने रिज़ॉर्ट के अतिथियों के साथ अनैतिक शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रहे थे। वे उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहते थे। परन्तु जब अंकिता ने इस काम से इंकार किया और रिज़ॉर्ट में चलने वाले इस धंधे की पोल खोलने की धमकी दी तो उसकी हत्या कर उसका शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया। अंकिता के शव को बाद में पावर हाउस के पास नहर से बरामद किया गया। पारिवारिक व अंकिता के सहपाठी सूत्रों के अनुसार अंकिता बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में काफ़ी तेज़ व महत्वाकांक्षी थी। 10वीं और 12वीं कक्षा में शानदार अंक हासिल करने के बाद उसने होटल मैनेजमेंट करने हेतु दाख़िला लिया था। अंकिता एक ग़रीब परिवार की लड़की होने के नाते अपना उज्ज्वल भविष्य बनाकर अपने परिवार का सहारा बनना चाहती थी। परन्तु वासना के दरिंदों और अनैतिक देह व्यापार की कमाई खाने के लालची सफ़ेद पोश स्वयंभू सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों द्वारा उसकी हत्या कर दी गई। अंकिता की हत्या के बाद कई चौंकाने वाले तथ्यों का ख़ुलासा हो रहा है जिससे साफ़ पता चलता है कि आम भारतीय ग़रीब परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाली अंकिता कितनी होनहार, महत्वाकांक्षी, पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को निभाने का जज़्बा रखने वाली तथा ग़रीबी में पालन पोषण होने के बावजूद अपने उज्ज्वल भविष्य का सपना देखने वाली सुशील युवती थी जबकि उसके हत्यारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखाओं में संस्कारित, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की कथित घुट्टी पीने वाले तथा उत्तराखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे व सत्ता में ऊँचे रसूख़ रखने वाले नेता का पुत्र जोकि स्वयं भाजपा नेता होने के बावजूद अधिकांश वैसे पवित्र व धार्मिक नगरी में हिन्दू धर्म में सबसे पवित्र मानी जाने वाली गंगा नदी के पावन तट पर एक ऐसा रिज़ॉर्ट चलाता था जहां आम ग्राहकों से लेकर विशिष्ट अतिथियों तक को शारीरिक संबंध बनाने के लिये लड़कियां परोसी जाती थीं।




मेष राशि - आशानुकूल सफलता से संतोष तथा सफलता के साधन अवश्य ही बनेंगे।

वृष राशि - समय आराम से बीतेगा, व्यवसायिक क्षमता का ध्यान अवश्य रखें, कार्य बनें।

मिथुन राशि - अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहेगा किन्तु इष्ट मित्रों से परेशानी बने।

कर्क राशि - इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें, कार्य निपटा लें।

सिंह राशि - प्रतिष्ठा वृद्धि एवं बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, कार्य पर ध्यान दें।

कन्या राशि - संघर्ष में सफलता से संतोष, व्यवसायिक क्षमता मे अनुकूलता से लाभ होगा।

तुला राशि - मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि एवं बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, कार्य बनेंगे।

वृश्चिक राशि - सामाजिक कार्य मे सुधार, कार्यगति में अनुकूलता बनेगी, इष्ट मित्र सुखवर्धक रहेगा।

धनु राशि - अचानक शुभ समाचार, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी।

मकर राशि - कार्य स्थिति यथावत् रहेगी, सोचे कार्य समय पर पूर्ण होंगे, कार्य में सुधार होगा।

कुंभ राशि - इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, शारीरिक कष्ट एवं चिन्ता, सामंजस्य की स्थिति बनेगी।

मीन राशि - इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, दैनिक कार्यगति अनुकूल बनी रहेगी।

# पूजा पंडाल में मौत का खेल क्यों ?

उत्तर प्रदेश के जनपद भदोही के औराई में पूजा पंडाल में रविवार की रात में लगी आग ने बहुत कुछ सवाल खड़ा किया है। निश्चित रूप से हम धर्म की आड़ में सुरक्षा और संरक्षा से आंखें मूंद लेते हैं। यह पीड़ा उन परिवारों से पूछे जिन्होंने अपने निर्दोष बेगुनाह मासूमों को खोया है। दिल पर हाथ उन परिवारों की दुश्वारी रख को देखिए। क्यों होते हैं ऐसे हादसे। कौन है इसके लिए जिम्मेदार। क्या गुनाह था उन तीन निर्दोष मासूम और दो महिलाओं का जो आग की लपटों में समा गए। यह घटना सिर्फ उत्तरप्रदेश की नहीं, पूरे देश में ऐसी घटनाएं होती हैं। लेकिन हम सबक नहीं लेते।



भदोही (औराई के नरथुआ) स्थित पूजा पंडाल में रविवार की रात तकरीबन 9:00 बजे आरती के समय लगी आग ने तबाही मचा दिया। उस दौरान पूजा पंडाल में तकरीबन डेढ़ से 200 लोग जमा थे। जिसमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान शामिल थे। यह घटना उस समय हुई जब पंडाल में मंचन का कार्यक्रम चल रहा था। उसी समय पंडाल की तरफ आग भड़की और देखते ही देखते पूरे पंडाल को अपने आगोश में ले लिया। जान बचाने के लिए लोगों में भगदड़ मच गई। लोग जान की बाजी लगाकर पूजा पंडाल में आग बुझाते भी दिखे। लेकिन तब तक 70 से अधिक लोग झुलस गए। जबकि तीन मासूम अंकुश सोनी पुत्र दीपक (12), जेठूपुर, जया देवी पत्नी रमापति (45) पुरुषोत्तमपुर और नवीन उर्फ उज्जवल (10) पुत्र उमेश, निवासी बारी, आरती चौबे (48) हर्षवर्धन (8)औराई की आग की चपेट में आने मौत हो गयी है। घटना की खबर लगते ही जिला पुलिस प्रशासन के होश उड़ गए। जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार प्रशासनिक अमले के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए।

अग्निकांड की इस घटना ने जिला प्रशासन के होश उड़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटना की मनिटरिंग कर रहे हैं। मंडल और जोन स्तर के आला पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा भी किया है। लेकिन सवाल की सुई एक जगह अटक आकर अटक जाती है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों को लेकर जिला पुलिस प्रशासन भी नरमी बरतने के मूड में होता है। यही कारण है कि सुरक्षा गौण हो जाती है। जिलाअधिकारी राठी की तरफ से गठित एसआईटी टीम ने अपनी सांकेतिक जांच रिपोर्ट में कहा है कि हाइलोजन के गर्म होने से आग लगी। लेकिन सवाल उठता है कि आयोजन समिति ने क्या पूजा स्थापना के पहले प्रशासनिक अनुमति ली थी। बिजली विभाग से क्या नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लिया गया था। अगर पुलिस प्रशासन से पंडाल स्थापन की मंजूरी ली गई थी तो क्या पूजा पंडाल में विद्युत कनेक्शन की अनुमति थी। पंडाल में आग विद्युत शार्टसर्किट से लगी या फिर जनरेटर की लाइन से। बिजली विभाग के जिम्मेदार लोग क्या पूजा पंडाल में पहुंचकर इसकी निगरानी किया था कि कहां लिया गया कनेक्शन वैध है?

दुर्गा पूजा पंडालों, रामलीला या मुहर्रम समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में आम तौर पर देखा गया है कि पुलिस अपनी सर्वे रिपोर्ट के दौरान यह सुनिश्चित करती है कि यहां पूजा पंडाल पहले से स्थापित हो रहा है। आयोजकों की स्वीकृति के बाद पूजा पंडालों की स्थापना की अनुमति दी जाती है। कानून व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी वहां मौजूद रहती है। लेकिन अग्निशमन और बिजली विभाग क्या अपना कार्य नहीं करता है। पूजा पंडालों की स्थापना के दौरान आग लगने की दुर्घटना से बचने के लिए कोई या सुझाव देता है। संबंधित पूजा पंडाल या अन्य में क्या सीजफायर लगाए गए है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए सीजफायर की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। क्या पूजा पंडालों के पास पानी बालू या आग बुझाने के अन्य संयंत्र रखे गए हैं। अग्निशमन विभाग ऐसे पूजा पंडालों में जाहिर तौर पर ऐसे निर्देश नहीं जारी करता है कागज पर भले करता हो, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखता है। कि जिसे यह बताया जा सके कि आग लगने के दौरान सुरक्षा के लिए क्या करें।

इस दौरान बिजली विभाग भी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता दिखता है। पंडाल में लगे बिजली यंत्र कितने लोड ले रहे हैं। कनेक्शन वैध या नहीं इसका ख्याल नहीं करता है। ऐसे पूजा पंडालों की जांच कर बिजली विभाग नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी नहीं देता है। धार्मिक आयोजन के नाम पर सुरक्षा से खिलवाड़ के लिए खुली छूट दे दी जाती है। जब धार्मिक हादसों का कारण बनती हैं तो ऐसी घटनाओं से बचने के लिए जिला प्रशासन लाचार दिखता है। इसका दूसरा कारण भी है कि विभागों के पास इतने संसाधन और कर्मचारी नहीं है कि हर पूजा पंडाल में उन लोगों की नियुक्ति की जाए। फिलहाल घटना की जांच के लिए जिला प्रशासन ने एसआईटी गठित की है। उसकी रिपोर्ट के बाद ही यह साबित हो सकता है कि आग की घटना कैसे लगी और कौन जिम्मेदार है।प्रशासन से अधिक यह जिम्मेदारी पूजा पंडाल आयोजकों की भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही की घटना का संज्ञान लेते हुए दुर्गा पूजा सहित धार्मिक आयोजनों से जुड़ी समितियों से पूजा पंडालों के निर्माण में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्णतया पालन करने की अपील की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रशासन इन आयोजन समितियों से संवाद बनाकर पूजा पंडालों में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराए। अग्निकांड हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जतायी है। लेकिन यह वक्त पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने का है। इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े होने का है। फिलहाल होनी को हम नहीं टाल सकते। हादसे में इतना मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में जिला प्रशासन ने बेहद सतर्कता और मुस्तैदी से काम किया है।



बेजोड़ रत्न/ग्वालियर

### वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल की कलम से

# टीवी के देवकांत बरुआ

आज के जमाने के पाठक शायद नहीं जानते होंगे कि देवकांत बरुआ कौन थे? देवकांत बरुआ कांग्रेस के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने चमचत्व को सबसे ज्यादा ऊंचाई देते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को इंदिरा इज इंडिया कहा था .देवकांत बरुआ के बाद चमचत्व में देश ने नए -नए कीर्तिमान गढ़े.अब नेताओं को देश नहीं बल्कि भगवान का अवतार तक बताया जाने लगा है .राजनीतिक दलों की ही तरह अब टीवी चैनलों में भी देवकांत बरुआ सक्रिय हो गए हैं जो गुजरात और हिमाचल में अभी से भाजपा की सरकार बना चुके हैं .

गुजरात और हिमाचल भाजपा शासित देश हैं इसलिए स्वाभाविक है कि इन दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा की ही सरकारें बनना चाहिए ,लेकिन ये काम जनता का है. इन राज्यों में चुनावों की घोषणा से पहले ही हमारी टीवी जनता का मूड भांपकर ऐलान कर चुकी है कि इन दोनों राज्यों में भाजपा कि ही वापसी होगी .सवाल ये है कि भाजपा से ज्यादा उतावलापन हमारे न्यूज चैनल क्यों हैं भाजपा की सरकारें बनवाने के लिए ?

एबीपी न्यूज ने पहल करते हुए सी-वोटर से इन दोनों राज्यों के लिए चुनावी सर्वे करा लिया और बता दिया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी गुजरात में 1995 के बाद से रिकॉर्ड 7वीं बार चुनाव जीतने वाली है. बीजेपी का 135-143 सीटें जीतने का अनुमान है, जो 2017 की कुल 99 सीटों से बहुत ज्यादा है.दरअसल अब टीवी चैनलों ने अपने -अपने पंचांग बना लिए हैं जिनके सहारे ये चुनावों को लेकर भविष्यवाणी करते रहते हैं .आजकल टीवी चैनलों का राष्ट्रीय कर्तव्य ही सत्तारूढ़ दलों को जिताना होता है चुनावी सर्वे कोई नया काम नहीं रह गया है ,लेकिन चुनावों से पहले सत्तारूढ़ दल के लिए श्वानों की तरह भौंकते टीवी चैनल चुनाव से पहले ही माहौल बनाने में क्यों लग जाते हैं .आएसा लगता है जैसे चुनाव सत्तारूढ़दल नहीं बल्कि टीवी चैनल खुद लड़ रहे हों ! टीवी चैनलों का उतावलापन देखकर लगता है कि अब इन्हें भी चुनाव मैदान में उतर जाना चाहिए .टीवी चैनलों को तो ये सर्वे कंपनियां खुद ही जिता देंगीं .जनता की तो कोई जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



टीवी चैनलों के पंचांग कहते हैं कि सड़क पर संघर्ष कर रही कांग्रेस तो इन होने वाले चुनावों में और पिटने वाली है. सी -सर्वे ने गुजरात में आम आम आदमी पार्टी को एक मजबूत तीसरी ताकत के रूप में पेशकिया गया है सर्वे कहता है कि आप की चुनौती के परिणामस्वरूप, बीजेपी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ) के वोट शेयर 2017 के स्तर से नीचे गिरने की संभावना है। अनुमानों के अनुसार, बीजेपी को वोट शेयर का 46.8 फीसदी (2017 में 49.1 फीसदी से नीचे) प्राप्त होगा

गुजरात में बीजेपी जीते या न जीते इससे क्या फर्क पड़ने वाला है .गुजरात में एक दल बिलाकर आइये आपको सारी हकीकत का पता चल जाएगा.गुजरात की जनता पर क्या गुजर रही है ,ये जानने के लिए आजतक कोई सर्वे नहीं किया गया. इसकी जरूरत ही नहीं है. न सत्तारूढ़ दल के लिए और न बीजेपी के लिए .अब लगता है कि चुनाव की हार और जीत किसी राजनीतिक दल पर नहीं अपितु सी वोटर के ऊपर है..सबकी अपनी-अपनी विवशता होती है।

सी वोटर को अपने क्लाइंट्स के लिए काम करते हुए लंबा समय हो चुका है। अच्छी बात ये है कि सी वोटर के संस्थापक यशवंत देशमुख की कोई अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है. वे जो संस्थान पैसा देता है उसके लिए सर्वे करके दे देते हैं .क्लाइंट की खुशी के लिए सर्वे में ईमानदारी कम ,बेईमानी ज्यादा करना पड़ती है .सी वोटर सबके लिए सर्वे करता है. अखबारों के लिए भी और टीवी चैनलों के लिए भी. सी वोटर सभी तरह का सर्वे करता है सी वोटर व्यावसायिक संस्था है. अब तक ये संस्था देश के 15 बजटों का विश्लेषण करने के साथ ही राज विधानसभा चुनावों के सौ से ज्यादा चुनावों का सर्वे कर चुका है .सी वोटर के साथ इंडिया टुडे समूह अपने संबंध भी तोड़ चुका है,क्योंकि संस्था ने काम करने में बेईमानी की थी।

बहरहाल अकेले सी वोटर ही नहं तमाम दूसरी संस्थाएं भी चुनाव के पहले और चुनाव के बाद सर्वे करतीं हैं .इनमें कभी-कभी नतीजे एकदम सटीक बैठते हैं और कभी एकदम विपरीत.कभी तीर में तुक्का लगता है और कभी नहीं भी .लेकिन ये सर्वे जनमत को प्रभावित करने के बजाय दूषित करते हैं ऐसा मेरा मानना है। मुमकिन है कि आप में से कोई भी मुझसे सहमत न हो ,किन्तु जो है सो है .लोकतंत्र में इस तरह के सर्वे चुनाव प्रणाली और जनमत दोनों के खिलाफ काम करते हैं. अरे भाई इतना भी क्या उतावलापन है कि आप चुनावों की घोषणा के पहले ही बता देना चाहते हैं कि कहाँ,कौन सा माहौल है? देश में आजादी के बाद चुनाव में तमाम तब्दीलियां आयीं हैं. पहले चुनाव सचमुच चुनाव होते थे,अब चुनाव ईवेंट हैं. चुनाव लगातार मंहगे हो रहे हैं .चुनाव में तड़क भड़क लगातार बढ़ रही है .प्रत्याशी का ही नहीं बल्कि राजनीतिक दलों का खर्च भी अप्रत्याशित रुप से बढ़ा है ऐसे में यदि चुनावों को ये तथाकथित सर्वे भी प्रभावित करने लगेंगे तो कल्पना कीजिये कि आने वाले दिनों में चुनावों की क्या सूरत बनने वाली है ?इन सर्वे पर भरोसा करना या न करना अलग बात है लेकिन इनके जरिये वातावरण को प्रभावित करने की कोशिश करना अलग बात है .एक जमाने में जब सीवोटर न था तब हम लोग भी अपने अखबारों के लिए चुनाव सर्वे करते थे ,लेकिन वो आज के होने वाले सर्वेक्षणों से एकदम अलग होता था।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने , चांदी में तेजी



**नई दिल्ली ।** त्योहारों पर सोने , चांदी की कीमतें बढ़ने लगी हैं। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में 161 रुपये की तेजी आई हैं। वहीं, चांदी भी 905 रुपये उछली है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सोना 161 रुपये की बढ़त के साथ ही 50,682 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं गत सत्र में सोना 50,521 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी भी 1,010 रुपये ऊपर आकर 58,039 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। चांदी इससे पहले 57,029 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ ही 1,665.1 डॉलर प्रति औंस पर जबकि चांदी बढ़त के साथ 19.36 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### सड़क परियोजनाओं के लिए 2,500 करोड़ जुटाएगी सरकार



**नई दिल्ली।** सरकार तीन सड़क परियोजनाओं के लिए लगभग 2,500 करोड़ रुपए की राशि जुटाने के लिए इस महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह राशि अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिये जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल तीन सड़क परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा। इनविट्स के जरिये निवेशक ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं में लगने वाले ट्रस्ट में भागीदारी करते हैं। इनविट्स ऐसी ढांचागत परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं जिनमें लंबे समय तक नकदी प्रवाह बना रहेगा। पिछले साल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तरफ से लाए गए पहले इनविट ने 5,000 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी जुटाई थी।

### ब्रिटेन सरकार ने की उच्च आय पर कर कटौती का फैसला वापस लेने की घोषणा



**लंदन ।** ब्रिटेन की सरकार ने विवाद गहराने के बाद पिछले महीने घोषित कर कटौती पैकेज के उस प्रावधान को वापस लेने की घोषणा की है जिसमें उच्च आय वर्ग पर कर की ऊंची दर में कटौती की बात कही गई थी। वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग ने कहा कि वह 1.5 लाख पौंड से अधिक आय पर 45 फीसदी की दर से आयकर लगने के प्रावधान को नहीं हटाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने इस बारे में उठ रही आवाजों को सुन लिया है। दरअसल उच्च आय वाले तबके को आयकर की ऊंची दर से राहत देने की 10 दिनों पहले की गई घोषणा का व्यापक स्तर पर विरोध हो रहा था। इससे सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के संसद सदस्य भी खुश नहीं थे और वे सरकार पर इसे वापस लेने का लगातार दबाव डाल रहे थे। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने एक दिन पहले ही अपनी सरकार की तरफ से घोषित कर कटौती योजना का पुरजोर बचाव करते हुए कहा था कि उनकी सरकार इस योजना पर आगे बढ़ना जारी रखेगी। हालांकि उन्होंने यह माना था कि इस फैसले के पहले थोड़ी जमीन तैयार कर लेनी चाहिए थी।

### देश में 5जी प्रौद्योगिकी के लिए 100 लैब बनाएगी सरकारः वैष्णव




**नई दिल्ली।** दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार की देश में 5जी प्रौद्योगिकी के लिए 100 लैबोरेटरी स्थापित करने की योजना है जिनमें कम से कम 12 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने एवं प्रयोग के लिए उपयोग में लाई जाएंगी। मंत्री ने हाल ही में इंडियन मोबाइल कांग्रेस में शिरकत कर रही कंपनियों से नए दूरसंचार विधेयक पर अपनी राय देने का भी आह्वान किया। इस विधेयक के माध्यम से सरकार का लक्ष्य लाइसेंस व्यवस्था को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी दूरसंचार कंपनियों के के लिए लाइसेंस व्यवस्था को आसान बनाने की दिशा में काम कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी इंडिया मोबाइल कांग्रेस में पहुंचे और कहा कि 5 जी की शुरुआत न केवल भारत बल्कि दुनिया के लिए निर्णायक क्षण है।

# इंडिया में खासी लोकप्रिय हो रही एडवेंचर बाइक्स

## अगले साल दस्तक देंगी ये धांसू बाइक्स



**नई दिल्ली ।** आजकल एडवेंचर बाइक्स इंडिया में खासी लोकप्रिय होने लगी हैं।कंपनियों ने भी इस तरफ ध्यान दिया है।देसी कंपनियों के साथ ही कुछ विदेशी कंपनियों को भी इस बात ने अट्रैक्ट किया है और भारतीय बाजार में 2023 तक पांच बड़ी ही खास और दमदार एडवेंचर बाइक्स दस्तक देने जा रही हैं। रॉयल एन्फील्ड का बुलेट के बाद सबसे ज्यादा पॉपुलर रहा मॉडल हिमालयन ही था।ये एक ऑफ रोड एडवेंचर बाइक है।कंपनी अब इसके एक नए वेरिएंट को लॉन्च करने का प्लान कर रही है।हालांकि कंपनी ने इसको लेकर कोई भी घोषणा नहीं की है लेकिन सूत्रों के अनुसार ये मोटरसाइकिल अगले साल की शुरुआत में लॉन्च हो सकती है।इसमें 450 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन देखने को मिल सकता है जो पहले हिमालयन में आ रहे 500 सीसी के इंजन से काफी रिफाइंड होगा। एक दशक से भी ज्यादा समय से मार्केट में अपनी पकड़ बनाए हुए हीरो पल्स की कई जनरेशन हम देख चुके हैं।अब हीरो मोटोकार्प पल्स को बिल्कुल नए इंजन के साथ पेश करने की तैयारी कर रहा है।जैसा की हीरो के लिए पॉपुलर है कि कंपनी अफोर्डेबल मोटरसाइकिल लॉन्च करती है, पल्स में भी यही देखने को मिलेगा।एक्स पल्स का ये एक वीएफएम पैकेज होगा।जानकारी के अनुसार इसमें 421 सीसी का इंजन होगा और ये 2023 मार्च के बाद इंडियन बाजार में दस्तक दे सकती है। टीवीएस की स्कूटर और मोपेड मार्केट में कभी रही बादशाहत के दिन लौटाने के लिए कंपनी एक बार फिर खास मोटरसाइकिल लॉन्च करने की तैयारी में है।अपाचे की सफलता के बाद अब कंपनी पावर पैक्ड इंजन की तरफ ध्यान दे रही है और अपनी नई बाइक टीवीएस 310 एडीवी पर काम कर रही है।इस बाइक को अगर ये कहा जाए कि ये कुछ कुछ बीएमडब्ल्यू की जी310 जीएस के प्लेटफॉर्म को देखते हुए बनाई जा रही है तो गलत नहीं होगा।इस मोटरसाइकिल की खासियत इसका 312.2 सीसी का फायरक्रैकर इंजन होगा जो 33.52 बीएचपी की पावर और 27.3 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा। बिलो 500 सीसी सेग्मेंट को तगड़ी टक्कर देने के लिए मोटो मोरिनी अपनी मोटरसाइकिल एक्स केप 650 एक्स को लॉन्च करने जा रहा है।ये मोटरसाइकिल अपने लुक्स को लेकर दुनिया भर में फेमस है।इसमें 650 सीसी का इंजन मिलेगा और ये दो वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी।एक वेरिएंट प्योर ऑफरर्ड्स के लिए होगा और दूसरा हाईब्रिड स्टाइल।भारतीय कंपनियों के साथ ही इस बाजार को विदेशी कंपनियों ने भी अपने लिए मुफीद समझा है और इंडिया में जल्द ही जोनेट्स की मोटरसाइकिल लॉन्च हो जाएगी।जोनेट्स अपनी इंडिया में अपनी पहली मोटरसाइकिल एक एडवेंचर बाइक लॉन्च करने की योजना बना रहा है।इसकी खासियत इसका 5 इंच का कल टीएफटी, एलईडी हेडलैंप और डीआरएल होगा जो इसके लुक्स को यूनीक बनाएगा।इसमें 348 सीसी लिक्विड कूल्ड, सिंगल सिलेंडर इंजन पावर देगा।

### पिछले चार महीनों में भूसा के दाम 20 फीसदी बढ़े



**नई दिल्ली ।** देश में हरे चारे और भूसे की कमी से चारे के दाम 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। पिछले चार महीनों में ही भूसा के दाम 20 फीसदी बढ़ चुके हैं। अगस्त 2022 में भूसा का थोक मूल्य 25.54 फीसदी पर पहुंच गया। चारे के साथ ही पशुओं को दी जाने वाली फीड के दाम बढ़ने से पशुपालकों के लिए संकट पैदा हो गया है। वहीं दूध के दाम भूसे और अन्य सामग्री की तुलना में बहुत कम बढ़ा है। इससे पशुपालकों को भारी नुकसान हो रहा है। दक्षिण हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में गेहूं के भूसे का दाम 2,000 रुपए प्रति क्विंटल तक हो गया है। अब बेमौसमी बारिश से बाजरा की फसल को हुए नुकसान से भूसे के दाम और बढ़ने की आशंका है। राजस्थान के अलवर में इस समय गेहूं के भूसे 1,750 से 2,000 रुपए क्विंटल हो गया है। यही हाल हरियाणा के जिलों का है। अलवर के एक पशुपालक का कहना है कि इस बार गेहूं के भूसे और गेहूं का दाम लगभग बराबर हो गया है। गेहूं 2,200 रुपए क्विंटल तो गेहूं का भूसा इस बार 2,000 रुपए क्विंटल हो गया है। हरा चारा भी जहां पहले 200 रुपए क्विंटल था, वहीं अब 800 रुपए क्विंटल तक हो चुका है। इसके साथ ही पशुओं की खिलाई जाने वाली फीड भी महंगी हो गई है।

## एमजी झेड ईवी एक्साइट बेस वेरिएंट की कीमतों की घोषणा



### एक्साइट और एक्सक्लूसिव ट्रिम्स समान बैटरी पैक से है लैस

**नई दिल्ली ।** कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने अब एमजी झेड ईवी एक्साइट बेस वेरिएंट की कीमतों की घोषणा की है। एमजी झेड ईवी एक्साइट और एक्सक्लूसिव ट्रिम्स समान 50.3केडब्लूएच बैटरी पैक से लैस हैं। सिंगल चार्ज करने पर 461केएम की ड्राइविंग रेंज मिलती है। कार इलेक्ट्रिक मोटर बैटरी से पावर्ड है जो 174बीएचपी और 280एनएम का टार्क जेनेरेट करती है। यह 8.5 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल करने का दावा करता है।बेस वेरिएंट स्मार्टफोन कनेक्टिविटी के साथ टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा, क्लाइमेट कंट्रोल, हिल डिसेंट कंट्रोल, रियर एयर कंडीशनिंग वेंट्स और नई आई-स्मार्ट कनेक्टेड कार फीचर्स जैसी सुविधाओं से लैस है। टॉप-स्पेक एक्सक्लूसिव वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर, रियर ड्राइवर असिस्ट और अन्य मिलते हैं। नया मॉडल महिंद्रा एक्सयूवी400 और टाटा नेक्सान ईवी मेक्स को टक्कर देगा। बता दें कि 2022 की शुरुआत में एमजी मोटर इंडिया ने देश में नया जेडएस ईवी फेसलिफ्ट लॉन्च किया था। इलेक्ट्रिक एसयूवी को दो वेरिएंट में पेश किया गया था-एक्साइट और एक्सक्लूसिव हालाँकि, केवल टॉप-स्पेक एक्सक्लूसिव वेरिएंट बिक्री पर था।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ




**मुंबई ।** मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिकवाली हावी होने से आई है। इससे भारतीय बाजार पर भी दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 638.11 अंक करीब 1.11 फीसदी नीचे आकर 56,788.81 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाले निफ्टी में 207 अंक तकरीबन 1.21 फीसदी की गिरावट आई और यह 16,887.30 पर बंद हुआ। इसके अलावा बैंक निफ्टी भी नीचे आया और यह 602.25 अंक करीब 1.56 फीसदी टूटकर 38,029.70 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी के आई टी कंपनियों के शेयरों में 0.93 फीसदी, बीएसई स्माल कैप में 0.54, बीएसई मिड कैप में 1.24, निफ्टी ऑटो में 2.03 फीसदी, बीएसई एफएमसीजी में 2.05 फीसदी की गिरावट रही , केवल बीएसई हेल्थकेयर के शेयरों में 0.81 की तेजी आई। वहीं अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में गिरावट रही है। इसके अलावा, एशियन बाजारों में भी केवल निक्केई को छोड़ दें तो बाकि सभी जगह गिरावट रहीं। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। तेल के दाम में तीन डॉलर प्रति बैरल से अधिक की बढ़त के कारण भी शेयर बाजार नीचे आया है। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 3.90 फीसदी ऊपर आकर 88.46 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### सितंबर में घटी बजाज ऑटो की बिक्री

**नई दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो ने कहा कि सितंबर के महीने में उसकी बिक्री एक साल पहले की तुलना में दो प्रतिशत गिरकर 3,94,747 इकाइयों की रही। कंपनी ने शेयर बाजारों की दी गई सूचना में कहा कि सितंबर 2021 में उसने कुल 4,02,021 वाहनों की बिक्री की थी। सितंबर 2022 में बजाज ऑटो की कुल दोपहिया वाहन बिक्री चार प्रतिशत गिरकर 3,48,355 इकाई रही जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 3,61,036 इकाई का

## खाने के तेलों के आयात शुल्क पर छूट अगले छह महीने तक रहेगी



**मुंबई ।** देश में लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल सेंट्रल बोर्ड ऑफ इन डायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने खाने वाले तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उसके आयात पर कस्टम ड्यूटी में छूट अगले छह महीने तक जारी रखने का फैसला किया है। अब सरकार के ताजा फैसले के बाद उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार की ओर से कहा गया है कि खाद्य तेलों के आयात पर कस्टम ड्यूटी में वर्ष 2023 के मार्च तक जारी करेगी। हमारे देश में खाना पकाने के तेल का दो-तिहाई हिस्सा आयात किया जाता है। बीते कुछ महीनों में रूस यूक्रेन संकट और इंडोनेशिया की ओर से पॉम ऑयल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद देश में खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली थी। हालांकि, कुछ महीने पहले इंडेनेशिया ने पाम ऑयल के निर्यात पर से बैन हटा दिया है।

# क्रूड ऑयल का उत्पादन तीन प्रतिशत कम कर सकता है ओपेक प्लस



## कच्चे तेल के दामों में होगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल उत्पादक देशों का समूह ओपेक प्लस क्रूड ऑयल के उत्पादन में 3 प्रतिशत या प्रतिदिन 10 लाख बैरल से अधिक की कटौती कर सकता है। ओपेक प्लस समूह के एक प्रतिनिधि ने बताया कि उम्मीद से ज्यादा कटौती इस बात को दर्शाती है कि मौद्रिक नीतियों के सख्त होने के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से धीमी हो रही है। डॉलर के मजबूत होने के कारण भी कच्चे तेल की कीमत प्रभावित हुई है। हालांकि तेल के उत्पादन में कटौती पर फैसला मंत्रियों की बैठक के बाद ही लिया जाएगा। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पिछले कुछ महीनों में बड़ी कमी देखने को मिली है। रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 125 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थी, लेकिन अब यह घटकर 87 डॉलर के आसपास आ गई है। बता दें कच्चे तेल उत्पादन में कटौती करके सऊदी अरब, रूस और यूएई जैसे देश तेल की कीमत को 100 डॉलर के आसपास रखना चाहते हैं। 23 तेल निर्यातक देशों के समूह की बैठक बुधवार को ओपेक के वियना स्थित मुख्यालय में प्रस्तावित है। ओपेक सचिवालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, यह ऑनलाइन होने वाली मासिक बैठक है। ओपेक ने 2022 के अंत तक केवल ऑनलाइन बैठक ही करने का फैसला किया है। अगर ओपेक प्लस इस महीने भी कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का फैसला करता है, तो यह लगातार दूसरे महीने कच्चे तेल के उत्पादन में की जाने वाली कटौती होगी। पिछले महीने कच्चे तेल के उत्पादन करीब एक लाख बैरल प्रतिदिन की कमी की गई थी।

# 5 जी सेवा के लिए मोबाइल फोन को 4जी से 5 जी में करना होगा अपग्रेड




**नई दिल्ली ।** देश में 5जी सेवाएं लांच हो गई हैं। देश के 13 शहरों में यूजर्स को 5जी सिग्नल मिलने लगे हैं। अगले कुछ दिनों में देशभर में 5जी सेवा उपलब्ध होगी, लेकिन इसका फायदा उठाने के लिए यूजर्स को उनका 4जी फोन, 5जी में अपग्रेड करना होगा। बिना 5जी स्मार्टफोन के 5जी सेवाओं का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

टेलिकॉम ऑपरेटर्स की ओर से 5जी प्लान्स की जानकारी जल्द शेयर की जाएगी, लेकिन उससे पहले आपको नया फोन खरीदना होगा। अगर आप 5जी कंपैटिबल स्मार्टफोन खरीदना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। 5जी फोन चुनते वक्त कुछ की-फैक्टर्स का ध्यान रखा जाए तो आपको बेस्ट 5जी परफॉर्मेंस अपने डिवाइस में मिलेगी।

स्मार्टफोन में 5जी कनेक्टिविटी के लिए 5जी चिपसेट का होना जरूरी है। ऐसे 5जी चिपसेट में 5जी रिसेप्शन के लिए बिल्ट-इन मॉड्यूल मिलता है। नए 5जी इनेबल्ड चिपसेट्स अब मिडरेंज और फ्लैगशिप सेगमेंट्स दोनों में आ रहे हैं। क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन 695 और इसके बाद, स्नैपड्रैगन 765जी और इसके बाद के अलावा स्नैपड्रैगन 865 और इसके बाद वाले सभी चिपसेट्स में 5जी सपोर्ट मिलता है। वहीं, मीडियाटेक पावर्ड फोन्स की बात करें लो-एंड फोन्स के डायमेंसिटी 700 से लेकर हाई-एंड डायमेंसिटी 8100 और डायमेंसिटी 9000 प्रोसेसर्स में 5जी सपोर्ट मिलता है। पुराने जी-सीरीज और हीलियो-सीरीज के चिपसेट 5जी टेक्नोलॉजी को सपोर्ट नहीं करते हैं। फोन का चिपसेट तय करता है कि इसमें 5जी कनेक्टिविटी मिलेगी या नहीं, लेकिन सपोर्टेड बैंड्स नहीं होने की स्थिति में 5जी फोन्स भी नेक्स्ट-जेनरेशन कनेक्शन का पूरा फायदा नहीं देंगे। कई 5जी स्मार्टफोन्स केवल एक या दो 5जी बैंड्स को सपोर्ट करते हैं, इन्हें खरीदने में समझदारी नहीं है। ज्यादा 5जी बैंड्स को सपोर्ट करने वाले डिवाइस खरीदना बेहतर होगा। खरीदने से पहले चेक करें कि फोन किन 5जी बैंड्स को सपोर्ट करता है। ये बैंड्स डिवाइस के प्रोडक्ट पेज पर या वेबसाइट पर स्पेसिफिकेशंस सेक्शन में दिख जाएंगे। अच्छे 5जी कनेक्शन के लिए फोन में 8 से 12 के बीच 5जी बैंड्स होने चाहिए, जिससे सभी नेटवर्क्स पर 5जी सेवाएं मिलें। कई स्मार्टफोन्स 5जी टेक्नोलॉजी को सपोर्ट तो करते हैं लेकिन स्टैंडअलोन (एसए) नेटवर्क्स के लिए उनके सॉफ्टवेयर में कुछ सीमाएं हो सकती हैं। ऐसे स्मार्टफोन्स में ब्रैंड्स की ओर से अगले कुछ सप्ताह में ओवर द एयर (ओटीए) अपडेट्स देकर तय किया जाएगा कि यूजर्स को बिना किसी परेशानी के 5जी सेवाएं मिल सकें। फोन खरीदने से पहले तय करें कि उसे लंबे वक्त तक सॉफ्टवेयर अपडेट्स मिलते रहेंगे।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा यातायात अभियान के चलते हेलमेट पहनने हेतु लोगों को दो दिन तक किया जा रहा है जागरुक, इसके बाद हेलमेट एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने बालों पर होगी चालानी कार्यवाही

अनिल कुशवाह प्रभारी

**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन मे दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता हेतु यातायात अभियान चलाया जा रहा है, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं अन्य यातायात नियमों के प्रचार तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस द्वारा लोगों को समझाइस दी जा रही है । जिसके चलते आज दिनांक को शिवपुरी पुलिस द्वारा सभी थाना स्तर पर लोगों को गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनने व यातायात नियमो का पालन करने के लिये जागरुक किया जा रहा है । पुलिस द्वारा आज दिनांक से दो दिवस तक लोगों को हेलमेट पहनने हेतु जागरुक किया जा रहा है एवं दो दिवस वाद यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाता



हुया पाया जाता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जावेगी ।

इसी क्रम मे कार्यवाही करते हुये यातायात थाना शिवपुरी द्वारा शिवपुरी मे जगह-जगह पर चैकिंग पाइंट लगाये गये एवं शहर मे आने बाले सभी लोगों को गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनने के लिये जागरुक किया गया, चैकिंग के दौरान कुछ लोग हेलमेट पहने मिले जिन्हें पुलिस द्वारा पुष्प देकर धन्याबाद दिया एवं जो लोग हेलमेट नहीं लगाये मिले उन्हें हेलमेट लगाने हेतु समझाई दी एवं गाड़ी चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता के बारे मे जागरुक किया गया । इसी तरह थाना सतनबाड़ा द्वारा फोर लेन हाईवे पर चलने बाले वाहन चालकों को हेलमेट को अनिवार्य रुप से पहनने हेतु पुष्प देकर जागरुक किया गया एवं साथ मे ही पेंपलेट बितरित किये गये । थाना सीहोर द्वारा भी यातायात अभियान के चलते लोगों को समझाइस दी एवं पेंपलेट बितरित किया साथ ही पेट्रोल पंप पर जाकर पेंपलेट भी लगाये एवं पेट्रोल पंप कर्मचारियों को समझाइस दी की जो व्यक्ति बिना हेलमेट पहने पेट्रोल लेने आता है तो ऐसे व्यक्ति पेट्रोल नहीं देना है एवं हेलमेट पहनने के लिये बताना है । इसी प्रकार समस्त थानों पर गाड़ी चलाते बक्त हेलमेट की अनिवार्यता के लिये लोगों को जागरुक किया जा रहा है एवं लोगों को ये भी बताया जा रहा है कि यति दो दिन पश्चात कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के गाड़ी चलाता पाया जाता है तो उसपर चालानी कार्यवाही की जाएकी । शिवपुरी पुलिस द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि जब भी गाड़ी से निकले तो हेलमेट अवश्य पहने ये आपकी सुरक्षा के लिये बहुत आवश्यक है, आम लोग इस अभियान से जुड़ें एवं यातायात नियमों का पालन करें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरुक करें।

# केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के सुपुत्र रघु भैया का संकुआ धाम पर धूमधाम से मना जन्मदिन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे** । केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर रघु भैया का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास हवन पूजन एवं फल वितरित कर संकुआ धाम पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में मनाया गया इस अवसर पर श्यामू ठाकुर ने कहा कि गणमान्य जनों साधु संतों एवं हमें अपना



एवं अपनों से परिचित सभी का जन्म दिवस एक संदेश के रूप में मनाना चाहिए जो की यादगार रहे जन्म दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण भी करें साधु संतों का सम्मान करें कन्याओं को भोजन कराएं बेजुबान जानवरों को भोजन कराएं ऐसे कई रूप हैं जो हम एक संदेश के रूप में अपना एवं अपनों से संबंधित जन्म दिवस मना सकते इसी को लेकर आज हम सभी लोग समाज सेवा टीम के सदस्य केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह रघु भैया का जन्म दिवस हवन पूजन एवं फल वितरित कर मना रहे हैं इस अवसर पर राहुल चौरसिया सुनील प्रताप सिंह राठौर सहित कई गणमान्य जन एवं साधु संत उपस्थित रहे।

# मेहगांव के कांग्रेस नेता पहले खुद आपस में जुड़ जाएं : करैया



दैनिक पुष्पांजली टुडे वृजपाल सीटू गुर्जर

भाजपा मेहगांव मंडल के महामंत्री एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी रोहित करैया ने मेहगांव में निकाली गई कांग्रेस पार्टी कि भारत जोड़ो यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की मेहगांव के कांग्रेस नेता केवल ढोंग कर रहे हैं ये पहले खुद जुड़ जाएं मेहगांव विधानसभा के कांग्रेस नेता खुलेआम एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी कर रहे हैं आपस में लड़ रहे हैं मेहगांव कॉन्ग्रेस कई गुटों में बटी हुई है तो मुझे ऐसा लगता है पहले यह अपने आप को जोड़ें तब औरों को जोड़ने का ठेका लें वैसे भी कांग्रेस पार्टी का चरित्र रहा है और सब ने देखा कि कांग्रेस पार्टी टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़ी हुई थी कांग्रेस पार्टी धारा 370 के पक्ष में खड़ी हुई थी और इतिहास में जाएं तो हमारे प्यारे भारत देश के टुकड़े भी कांग्रेस पार्टी की देन है जनता सब जानती है यह लोग अपना अस्तित्व बचाने के लिए अब केवल भारत को जोड़ने का ढोंग कर रहे हैं कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस मुक्त भारत में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान देगी उन्होंने जनता को फिर से याद दिला दिया है कि भारत को तोड़.ने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया था।

## रविवार को मौ नगर में हरा-भरा मध्य प्रदेश वृक्षारोपण किया गया

**पवन विश्वकर्मा मौ रिपोर्ट पुस्पंजलि टुडे**



मौ नगर में हरा भरा मध्य प्रदेश वृक्षारोपण किया गया जिसमें सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित फरेंद्र सिंह सिकरवार जिला मंत्री, शैलेंद्र सिंह गुर्जर जिला मंत्री, रामख्तर गुर्जर जिलाउपाध्यक्ष युवा मोर्चा, रामू कुशवाह जिला आईटी सेल प्रभारी,मंडल अध्यक्ष, गोपाल कुशवाह मंडल अध्यक्ष, राम यादव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, मेहेंद्र सिंह परिहार मण्डल अध्यक्ष अनुसिचित जाति मोर्चा, संतोष यादव युवा मोर्चा मंडल महामंत्री, अगम कुमार जैन युवा मोर्चा मंडल महामंत्री , मेहबूब खान अजय झा आदि लोग उपस्थित रह जी हेमंत विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा मंडल मौ।

# साहित्यकार अहिंसामूलक सृजन के पैरोकार होते हैं-डॉ. विनोद

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । म.प्र. लेखक संघ भिंड द्वारा काव्य उजास उत्सव-2022 का सारस्वत अनुष्ठान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को अपरान्ह 2ः00 बजे से राजेंद्र कॉन्वेंट स्कूल लश्कर रोड भिंड के सभागार में किया गया। कवि सम्मेलन के अतिथि डॉ.हरविलास शर्मा, विजय सिंह भदौरिया, युवा नेता विष्णुप्रताप सिंह विष्णु, शिक्षक मो.शकील तथा अध्यक्षता डॉ. विनोद सक्सेना ने की। संचालन संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील त्रिपाठी निराला द्वारा ने किया।

इस अभा कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संदीप मिश्रा ने स्व. गोपाल मिश्रा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भिंड, डॉ.शैलेन्द्र परिहार ने स्व. शेर सिंह परिहार, आशुतोष शर्मा ने स्व. भुवनेश शर्मा गल्ला मंडी, रामबरन शर्मा ने स्व. चौधरी कृपाराम शर्मा मुसावली, हेमन्त जोशी ने स्व. पंडित नवाबप्रसाद जोशी, धीरज सिंह गुर्जर ने स्व. भारत सिंह चंदेल दंदरौआ, सनत शर्मा राजेश शर्मा ने स्व. श्रीमती गिरिजा देवी पं. स्व. रामशरण शास्त्री, मुकेश त्रिपाठी ने स्व.श्रीमती अहिल्या त्रिपाठी तथा नरेंद्र गुप्ता ने नाथूराम गुप्ता वियोगी स्मृतिसम्मान- 2022 से कवियों, पत्रकारों तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया।

कवि सम्मेलन में कानपुर से डॉ. अंजना कुमार, एटा से राजकुमार भरत, ग्वालियर से हेमन्त शर्मा किटौरा, अलीगढ़ से एड. वेदप्रकाश मणि, लहार से जितेन्द्र त्रिपाठी अमित, आगरा से डॉ. ओमप्रकाश दीक्षित सूर्य द्वारा काव्यपाठ किया गया है। अपने उद्बोधन में अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विनोद सक्सेना ने कहा कि साहित्यकार अहिंसामूलक सृजन के पैरोकार होते हैं।महात्मा गांधी का अहिंसा का संदेश आज भी प्रासंगिक है। हम सभी साहित्यकारों का यह कर्तव्य बनता है कि %पर पीड़ा सम नहिं अधिमाई% इस सिद्धांत का प्रतिपालन प्राणप्रण से करते रहें।

# मौं मंण्डल द्वारा भारतीय जनता पार्टी जालौन के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष , खंगार समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय स्व. श्री उदय सिंह पिंडारी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे



मौ। भारतीय जनता पार्टी मंण्डल मौं द्वारा पिड़ारी जी को किये अर्पित इस अबसर पर मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह जिला मंत्री फरेंन्द सिंह सिकरवार युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार सिंह गुर्जर लाखन सिंह यादव अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पर्वत सिंह जादोंन जिला आईटी सह प्रभारी सतीश परिहार सोमबीर सिबहरे सोनू खांन रामू कुशबाह संतोष यादव आगम जैन जितेन्द्र राणा रिकू जादोंन कप्तान सिंह परिहार नारायण सिंह परिहार निहाल सिंह परिहार , अशोक परिहार गुहीसर, पप्पू परिहार , धर्मेंद्र सिंह परिहार , दिनेश परिहार , साहब सिंह परिहार साथीगण उपस्थित रहे।

# टाइगर फिजिकल अकैडमी शिवपुरी ने किया गया 16 मीटर दौड़ का आयोजन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- खबर शिवपुरी में कोतवाली थाना क्षेत्र कलेक्ट्रेट के सामने स्थित पोलो ग्राउंड से है जहां सेना एवं पैरामिलिट्री फोर्सेस की तैयारी कराने वाले टाइगर फिजिकल अकैडमी के द्वारा सेना की तैयारी कर रहे नौजवानों के लिए एक रेस का आयोजन किया गया जिससे अभ्यार्थियों की हौसला अफजाई बढ़ाने के लिए टाइगर फिजिकल अकैडमी के द्वारा 16 मीटर रेस का आयोजन किया गया जिसमें शिवपुरी जिले के सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रथम 10 रहे प्रतिभागियों को पिछड़ा वर्ग महासंघ जिला शिवपुरी के द्वारा सम्मानित किया गया पिछड़ा वर्ग संघ के पदाधिकारियों के द्वारा प्रथम 10 अभ्यर्थियों को ट्रैक सूट उपहार के रूप में दिए गए और अभ्यर्थियों को मोटिवेट किया एकेडमी के संचालक टाइगर गुर्जर मैं बताया इस समय समय पर युवाओं को मोटिवेट करने के लिए इस की प्रतियोगिताओं आयोजन करते हैं उनके सहयोगी राम लखन गुर्जर के द्वारा मालाओं के साथ अभ्यर्थियों का स्वागत किया गया भंवर सिंह धाकड़ पोहरी ने युवाओं को किस प्रकार लक्ष्य को मेहनत करके प्राप्त कर किया जा सकता है इसके बारे में बताया अंत में अनिल नीरज सियाराम रामबाबू धर्मेंद्र राममिलन परमाल राजा अब्बल रहे अभ्यर्थियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग और महासंघ के जनक सिंह रावत हेमंत यादव बड़ौदी ,हरिओम रावत, संजय रावत बाजीगर सरपंच, अनिल कुशवाह ,दिलीप सेन शुभम गुर्जर पुरुषोत्तम पाल पंकज प्रजापति राम लखन गुर्जर महेंद्र लोधी।

# भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के द्वारा मनाई गई महात्मा गांधी जयंती आशुतोष जैमिनी

दैनिक पुष्पांजलि टुडे अरुण खंगार

पोहरी। देशभक्ति और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति, महात्मा गांधी जी जी की जयंती के अवसर पर पोहरी भाजपा मण्डल द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया जिस मे पोहरी मण्डल के आदर्शविद्यालय परिसर मे स्थित पार्क पंडित गोपालकृष्ण पौराणिक पार्क व पोहरी नगर के मुख्य चौराहे पर झाड़ू लगाकर समस्त सम्मानीय नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर पोहरी जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामकली आदिवासी पोहरी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मी नेपाल वर्मा भाजपा युवा राज्यमंत्री पूत्र जीतू राठखेडा मण्डल महामंत्री दिनेश जाटव कुलदीप शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता बीएल बाथम श्रीमती कुसुम लखन श्रीमती सारिका योगी पवन शर्मा पप्पू सिठेले कोठारी परिहार जितेन्द्र धाकड झु़निया परिहार प्रवीण शिवहरे राजू वाल्मीक जी वल्लू वाल्मीक राहुल वाल्मीक मोहर सिंह वाल्मीक सहित सभी भाजपा मण्ल के सम्मनीय कार्यकर्ता, नागरिक गण मौजूद रहे।

# क्राईम ब्रांच ग्वालियर द्वारा अपहरण व हत्या के प्रकरण में पुलिस को चकमा देकर फरार हुए शातिर आरोपी को किया गिरफ्तार

## छात्र की अपहरण कर हत्या के प्रकरण में सालों से फरार आरोपी द्वारा स्वयं को मृत घोषित कर रखा था

पुष्पांजली टुडे ग्वालियर। क्राईम ब्रांच ग्वालियर द्वारा वर्ष 2013 में थाना बहोड़ापुर में छात्र की अपहरण कर हत्या के प्रकरण में सालों से फरार 10 हजार रूपये के इनामी आरोपी को दिनांक 23.09.2022 को गिरफ्तार किया था, लेकिन स्कूल में तस्दीक के दौरान यह शातिर आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। उक्त शातिर आरोपी के भागने की घटना को गंभीरता व चुनौती से लेते हुए *पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* द्वारा *अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को क्राईम ब्रांच की टीमें बनाकर फरार आरोपी के करीबियों पर नजर रखने व छिपने के स्थानों पर तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया। फरार आरोपी की तलाश हेतु क्राईम ब्रांच की टीमों को गाजियाबाद, दिल्ली, मथुरा, झांसी रेल्वे स्टेशन, मऊरानीपुर, पृथ्वीपुर, निबाड़ी, बरूआसागर भेजा गया। दिनांक 02.10.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहरण कर हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी बरूआसागर जिला झांसी में छिपा हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में डीएसपी अपराध श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता के द्वारा बनाई गई क्राईम ब्रांच की टीमों ने फरार आरोपी के छिपने के ठिकानों व उसके रिश्तेदारों को सत्त निगरानी रखा गया। दिनांक 02.10.2022 को मुखबिर की सूचना के आधार पर क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा पृथ्वीपुर में आरोपी के बहनोई के घर



व दुकान को सादा लिवास में निगरानी की गई तो आरोपी का एक रिश्तेदार जब वहां से बरूआसागर के लिये बस से निकला तो पुलिस टीम के दो जवान बस में सवार हो गये और बरूआसागर में बस स्टेण्ड पर उतरने के बाद उसका पीछा करते रहे। तभी उक्त रिश्तेदार ढीमर मौहल्ला, बरूआसागर में पहुंचा और मौहल्ले के एक घर में प्रवेश किया। उसके लगभग आधा घण्टे बाद घर से रिश्तेदार के साथ छात्र का अपहरण कर हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी निकला, उक्त दोनों का पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो वह मंशिल माता मंदिर के रास्ते पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गुमराह करने के लिये सोनू रायकवार बताया। आरोपी के द्वारा पुलिस टीम को काफी भ्रमित करने का प्रयास किया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया कि वह अपने माता-पिता को लेकर दिनांक 04.10.2022 को झांसी रेल्वे स्टेशन से अपने रिश्तेदार की मदद से मंगला एक्सप्रेस द्वारा मुम्बई जाकर बसने का प्लान था, जिससे पुलिस उसे कभी नहीं पकड़ पाती। क्राईम ब्रांच ग्वालियर द्वारा वर्ष 2013 में छात्र की अपहरण कर हत्या के प्रकरण में सालों से फरार 10 हजार रूपये के इनामी आरोपी को दिनांक 23.09.2022 को गिरफ्तार किया गया था, स्कूल में तस्दीक के दौरान यह आरोपी पुलिस टीम को बातों में उलझाकर व चकमा देकर मौके से भाग निकला था। पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह भागने के बाद सीधा बिजौली गया, उसके बाद पैसे व कपड़ों की व्यवस्था करने के बाद ट्रेन से गाजियाबाद अपनी पत्नि के पास पहुंचा था। उसके बाद नई दिल्ली से उक्त आरोपी अपनी ससुराल के मकान नगरा थाना प्रेमनगर (झांसी) में पहुंचा। अपने माता-पिता को लेकर अपनी ससुराल के गांव ढीमर मौहल्ला बरूआसागर में दिनांक 27.09.2022 से छिप कर रह रहा था। आरोपी के द्वारा पकड़े जाने के डर से मोबाइल का उपयोग नहीं किया जा रहा था। उक्त हत्या एवं अपहरण व पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी पुलिस गिरफ्तारी के डर से लगातार ठिकाने बदल-बदल कर फरारी काट रहा था। उक्त फरार आरोपी को थाना बहोड़ापुर के अप0 क्रमांक 209/13 धारा 364ए, 302,120बी,201 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट एवं थाना ग्वालियर के अप0क्र0 533/22 धारा 224 भादवि के प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर उससे पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि विनय नगर थाना बहोड़ापुर से वर्ष 2013 में छात्र प्रंकुल शर्मा का अपहरण आरोपीगणों द्वारा किया जाकर डबरा में सिंध नदी के किनारे उसकी हत्या कर दी गई थी तथा फिरौती के लिये मृतक के घर चिट्ठी भेज कर फिरौती बसूलने का प्रयास किया गया था। उक्त चिट्ठी के आधार पर पुलिस ने प्रकरण मे विवेचना करते हुए प्रकरण के आठ आरोपियो को वर्ष 2013 में ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन गिर0 आरापी तभी से लगातार फरार था जिसे दिनांक 23.09.2022 को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था जो पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

### मुख्य भूमिका

लिए सउनि दिनेश सिंह तोमर, आरक्षक राहुल सिंह यादव, सोनू सिंह परिहार, रामवीर सगर, रोहित अहिरवार।

### सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी ग्वालियर निरीक्षक दीपक यादव, सउनि राजकुमार राजावत, प्रआर0 जितेन्द्र तोमर, घनश्याम जाट, आर0 विद्याचरण शर्मा, योगेन्द्र तोमर।

# संभागीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग में शिवपुरी : गुना ने ग्वालियर को हराया

अनिल कुशवाह प्रभारी

पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी - शिवपुरी शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित 01 से 03 अक्टूबर ग्वालियर संभाग अंतर जिला शालेय क्रिकेट स्पर्धा 19 वर्ष का आयोजन श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर पुरानी शिवपुरी में किया गया आज फाइनल मैच शिवपुरी और ग्वालियर के मध्य खेला गया जिसमें शिवपुरी के बालक वर्ग की टीम ने ग्वालियर की टीम को 8 विकेट से पराजित कर शानदार प्रदर्शन किया

शिवपुरी जिले के खेल अधिकारी श्री महेंद्र सिंह तोमर ने बताया प्रतियोगिता का शुभारंभ आदरणीय श्री संजय श्रीवास्तव जी जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी एवं डॉ श्री केके खरे ( जिला खेल अधिकारी खेल युवा कल्याण विभाग)के द्वारा किया गया और बच्चों से परिचय प्राप्त किया टॉस ग्वालियर जिले के कप्तान ज्योतिर्मय ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट पर 87 रन बनाये ग्वालियर की ओर से कप्तान ज्योतिर्मय ने 47 रन अनमोल ने 19 रन बनाये शिवपुरी की और से गेंदबाजी करते हुए मयूर पाटिल ने तीन विकेट कुशल शिवहरे ने एक विकेट अंकेश ने एक विकेट आशीष जादौन ने 2 विकेट प्राप्त किए शिवपुरी ने निर्धारित लक्ष्य को 8 गेंद पहले प्राप्त कर लिया शिवपुरी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कुशल शिवहरे ने 50 रन मयूर पाटिल ने नाबाद 22 अभिषेक धाकड़ ने नाबाद 9 रन बनाये बालिका वर्ग 19 वर्ष में गुना ने ग्वालियर की बालिकाओं को 7 विकेट से हराया प्रतियोगिता को संपन्न कराने में श्री अरुण सिंह जी ( कोच मध्य प्रदेश क्रिकेट एकेडमी ) श्री बसंत शर्मा जी श्री राकेश शर्मा श्री राजीव श्रीवास्तव श्री यादवेंद्र चौधरी श्री संजीव पांडे निखिल श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव सदाशिव भार्गव पवन शर्मा श्री ओपी शर्मा जी मकसूद कमल बाथम शाकिर खान रवि जाटव हेमंत जाटव गिर्राज शर्मा धर्मेन्द्र लोधी आदि लोगों का सहयोग रहा।

## नगर परिषद कोलारस ने वार्ड 13 में लगाया मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान शिवर



**अरुण कुशवाह रिपोटर पुष्पांजलि टुडे**

कोलारस। नगर परिषद कोलारस के अधिकारियों कर्मचारियों ने वार्ड न. 13 कोली मोहल्ला में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान शिविर का आयोजन किया जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाए संबल योजना ,आयुष्मान कार्ड योजना, स्ट्रीट वेंडर ,मजदूरी कार्ड , आदि योजनाओं के बारे में आम लोगो को बताया एवं पात्र हितग्राहियों के डोकोमेंट भी लिए गए शिविर में नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे साथ में वार्ड नंबर 13 से पार्षद राम सड़ेया वार्ड नंबर 13 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ राजकुमार चौहान शिविर में उपस्थित रहे।

## सीरवी समाज वरतूर ट्रस्ट वडेर में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा बेंगलुरू।** सीरवी



समाज ट्रस्ट वरतूर वडेर के तत्वावधान में नवरात्रि के उपलक्ष में होम अष्टमी पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमेंअध्यक्ष भुण्डाराम राठौङ उपाध्यक्ष जीयाराम पंवार सचिव ज्ञानाराम सातपुरा सहसचिव माँगीलाल बर्फा कोषाध्यक्ष भगाराम काग एवम लखाराम चोयल राजुराम पंवार नवयुवक मंडल सचिव सूरज महिला मंडल से सन्तोष देवी चोयल पुजारी बाबूलाल जी सातपुरा हरीश बर्फा पंडित राजु भाई के सानिध्य मै हवन का कार्यक्रम नये समाज भवन मै सम्पन्न हुआ सायंकाल गरबा कार्यक्रम आयोजित हुआ बाद महाप्रसाद ग्रहण कर समारोह सम्पन्न हुआ।

## षड्यंत्र रचकर प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों ने एसपी ऑफिस में डी एस पी मैडम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार



टीकमगढ़। मृतक रोहित के परिजनों द्वारा आज एसपी ऑफिस में एक ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें बताया गया है कि उनको के पुत्र रोहित को षड्यंत्र रच कर आत्महत्या के लिए उकसाया गया था बताया गया है कि आरोपियों द्वारा उनके पुत्र को रुपए देकर जुआ खिलवाया गया था और इसके बाद उनके पुत्र को रूपों के लिए आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा साथ ही बताया गया है कि आरोपियों के साथ पूर्व में एक जमीनी विवाद चल रहा था जिसमें फैसला उनके पक्ष में आया था इसके बाद आरोपियों द्वारा धमकी दी गई थी इसी के चलते आरोपियों द्वारा षड्यंत्र रच कर उनके पुत्र को बहला-फुसलाकर जुआ खेलने के लिए उकसाया और उसे पैसे भी उधार दिए गए इसके चलते उनका पुत्र काफी परेशान रहने लगा और वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा जिसके बाद वह अपने घर से 29 तारीख की रात को निकल गया और जब वह दूसरे दिन नहीं मिला तो परिजनों द्वारा इसकी रिपोर्ट बमोरी थाने में डाली थी जिसके बाद रोहित को ढूंढा गया और 31 अगस्त तारीख को गांव की खेत में एक कुएं के पास उसकी चप्पल दिखाई दी तब गांव वालों की मदद से कुए का पानी खाली करवा कर देखा गया तो रोहित का शव कुए में पड़ा हुआ दिखाई दिया मृतक के परिजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी लेकिन घटना दिनांक के बाद आज तक उचित कार्यवाही ना होने के कारण पीड़ित के परिजनों द्वारा एसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई गई है और यह ज्ञापन बरिष्ट अधिकारियों को भी भेजा गया है।

## साप्ताहिक पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा अन्य अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आ रहे आवेदनों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शिविरों के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उन आवेदनों को संबंधित विभाग में निराकरण हेतु भिजवाना सुनिश्चित करें।

## आज भी टाइपराइटर से टाइपिंग



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया में अभी भी बुजुर्गों के लिए टाइपराइटर उनकी पहली पसंद बना हुआ है। बुढ़ापे में जिस तरह पति पत्नी के रिश्ते होते हैं। दोनों एक दूसरे को संभालते हैं। ठीक उसी तरह मेलबर्न में जिन्हें टाइपराइटर से टाइप करने की आदत है। आज भी वह अपने लेटर और लेखन को टाइपराइटर से ही करना पसंद करते हैं। कंप्यूटर और स्मार्टफोन की इस दुनिया में टाइपराइटर मे सफेद कागज लगाकर टिक टिक की आवाज के बीच टाइप करना, अभी भी लोगों को पसंद है। या नशा बना हुआ है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि मेलबर्न में टाइपराइटर सुधारने की व्यवस्था आज भी बनी हुई है।79 वर्ष के टाम कोस्का टाइपराइटर रिपेयरमैन के नाम से जाने जाते हैं। 1960 से वे लगातार टाइपराइटर की रिपेयरिंग कर रहे हैं।टाइपराइटर अब दुर्लभ हो गया है। इसके बाद भी तमाम तकनीकी हासिल होने के बाद भी इसका वजूद बना हुआ है।

## इस्लामिक स्टेट से जुड़े थे सिंध पुलिस द्वारा मारे गए दोनों आतंकवादी : अधिकारी

**कराची ।** सिंध पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग द्वारा मारे गए दो आतंकवादियों का संबंध प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ख़ोरासान समूह से था और इन दोनों आतंकवादियों ने शहर में एक बड़े धार्मिक जुलूस के दौरान आत्मघाती हमला करने की योजना बनाई थी। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आसिफ एज़ाज शेख ने पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात उन्होंने शहर के बाहरी इलाके में एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। शेख ने बताया कि बलूचिस्तान आतंकवादी रोधी विभाग और खुफिया एजेंसी के साथ संपर्क करने के बाद इस बात की पुष्टि हुई कि मारे गए दोनों इस्लामिक स्टेट ख़ोरासान के वांछित आतंकवादी सैयद ऐमल खान उर्फ हमजा और अब्दुल्ला उर्फ ममूम थे। हमजा पिशीन और ममूम क्वेटा का निवासी था। दोनों बलूचिस्तान में कई बड़े आतंकवादी कृत्यों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि ये आतंकवादी 12वें रबी उल अव्वल जुलूस पर आत्मघाती हमले की योजना बना रहे थे, जो सात या अक्टूबर आठ को निकाला जाना था। मुसलमान पैगंबर के जन्म का जश्न मनाने के लिए यह जुलूस निकालते हैं।शेख ने बताया कि दोनों आतंकवादी अप्रैल 2021 में क्वेटा के सेरेना होटल की पार्किंग में किए गए आत्मघाती हमले के मुख्य साजिशकर्ता भी थे। इस घटना में पांच लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा वे बलूचिस्तान में आतंकवाद रोधी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी की हत्या में भी शामिल थे।

# लामबंदी में आए अकुशल लोगों को रूसी सेना किया वापस



**मॉस्को ।** यूक्रेन पर हमलावर देश रूस को 7 महीने से भी ज्यादा का समय हो गया और उसके बाद यहां राष्ट्रपति पुतिन ने लामबंदी ऐलान कर दिया जिसके बाद से कई लापरवाहियों के चलते आम जन मानस को असुविधाओं का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसी ही एक गड़बड़ी के बाद रूसी सेना ने अपने खाबरोवस्क क्षेत्र के सैन्य कमिश्नर को उनके पद से हटा दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार सेना की ओर से गलत लोगों को लामबंदी की कॉल देने के चलते करीब आधे लोगों को वापस उनके घर भेजना पड़ गया। क्षेत्र के गवर्नर ने सोमवार को बताया कि सेना और ड्राफ्ट के मानदंडों को पूरा नहीं कर पाने के चलते इन लोगों को वापस लौटा दिया गया है।21 सितंबर को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा घोषित लामबंदी के बाद से रूस की सेना जल्द से जल्द करीब तीन लाख अतिरिक्त सैनिकों की भर्ती करना चाह रही है। ऐसे में अपात्र लोगों को भी लामबंदी के लिए कॉल की जा रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने पहले ही साफ कर दिया है कि केवल सेना में रिजर्व बल के तौर पर तैनात लोगों और रिटायर कमर्चारियों को ही इस लामबंदी में बुलाया जाएगा। बावजूद इसके कई मौकों पर आम लोगों को भी सेना से कॉल जा रही है।सेना में भर्ती होने के मानदंडों को पूरा नहीं करने के बाद अधिकारियों ने आधे लोगों को घर लौटा दिया है। रूस के सुदूर पूर्व में खाबरोवस्क क्षेत्र के गवर्नर मिखाइल डिग्ट्यरेव ने टेलीग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि पिछले 10 दिनों में, रूस के कई हजार देशवासियों ने समन प्राप्त किया और वे सैन्य पंजीकरण के लिए भर्ती कार्यालयों में पहुंचे थे। उनमें से लगभग आधे घर लौट आए क्योंकि वे सैन्य सेवा में प्रवेश के लिए चयन मानदंडों को पूरा नहीं कर सकें। डिग्ट्यारेव ने आगे कहा कि कमिश्नर यूरी लाइको को हटाने से पुतिन द्वारा निर्धारित लामबंदी योजना प्रभावित नहीं होगी।

## जेल जाने से बचे इमरान, गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद मिली अंतरिम जमानत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को महिला न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में शुक्रवार तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। शनिवार को खान के खिलाफ स्थानीय मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गत 20 अगस्त को इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान खान ने अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ हुए व्यवहार को लेकर शीर्ष पुलिस अधिकारियों, चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी।गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी के बारे में भी आपत्तजिनक भाषा का इस्तेमाल किया, जिन्होंने राजधानी क्षेत्र पुलिस के अनुरोध पर गिल की दो दिन की हिरासत को मंजूरी दी थी। खान ने चौधरी से कहा था कि उन्हें खुद को तैयार करना चाहिए, क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाषण के कुछ घंटों बाद, खान के खिलाफ इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। स्थानीय मजिस्ट्रेट ने शनिवार को पुलिस के अनुरोध पर खान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इस बीच, यह अफवाह थी कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए बनिगला आवास पर छापेमारी करने की योजना बना रही है। खान के वकील बाबर अवान ने गिरफ्तारी वारंट रद्द करने की मांग वाली याचिका के साथ इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पाकिस्तान में ऑडियो लीक के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का रविवार को फैसला किया गया है।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: तोमर

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने कलेक्टर के साथ किया सड़क निर्माण कार्य का किया अवलोकन

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के फूलबाग से सेवानगर, लक्ष्मण तलैया एवं विनय नगर में सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि सड़क एवं सीवर सहित अन्य विकास कार्य तय समय सीमा में सम्पन्न कराए जायें। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया विकास कार्यों में कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीकौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम अपर आयुक्त अतेन्द्र गुर्जर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप तोमर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जीडीए भवन के सामने सडक के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सडक पर पानी भरा होने से आमजन को निकलने में काफी परेशानी हो रही थी। जिस पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ काफी नाराजगी व्यक्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिये कि इस रोड का कार्य 10 दिन में पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ ही सडक निर्माण में बाधा बन रहे पोलों को शिफ्ट न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी कार्य तय समय सीमा में करने के लिये निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि डिवाइडरों के बीच में कचरा भरा हुआ है जिसको लेकर संबंधित ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त की तथा शराब की दुकान के बगल में पुलिया से सडक की



साइड में बनाये जा रहे नाले को सीधा बनाने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही निर्देशित किया कि सडक बनाने से पहले सभी सीवर चेम्बरों को उठाकर बनायें जिससे बाद में सडक को खोदना न पडे।

### ठेकेदार को 10 दिनों की मोहलत

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगामी 10 दिनों में उक्त सड़क का कार्य पूर्ण करें। दस दिवस के पश्चात भी कार्य पूर्ण न पाया गया तो संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप तोमर एवं अपर आयुक्त नगर निगम अतेन्द्र सिंह गुर्जर को भी कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से सड़क निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करें और जो भी आवश्यक कार्य हैं उसे पूरा कराएँ। नगर निगम के विद्युत अधिकारियों को भी कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यथाशीघ्र सड़क के निर्माण में बाधक विद्युत पोलों को शिफ्ट करने का कार्य किया जाए। अन्यथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कार्रवाई की जायेगी।

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविरों में जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित करें : कलेक्टर

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

### अभियान के तहत जिले में अब तक 64 हजार से अधिक आवेदन दर्ज, निराकरण भी जारी

ग्वालियर। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों में जनप्रतिनिधियों को भी सहभागी बनाएँ। साथ ही उन्हें सम्मानपूर्वक शिविरों में आमंत्रित करें, जिससे प्रभावी ढंग से शिविरों का आयोजन हो सके। यह निर्देश कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी एसडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए।



ज्ञात हो मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत जिले में अब तक 319 शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से कुल 64 हजार 33 आवेदन दर्ज हुए हैं। इनमें से 8 हजार 280 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शिविरों को और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रयास ऐसे हों जिससे कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने शिविरों के माध्यम से अधिकाधिक लोगो के आवेदन प्राप्त करने पर भी विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि फोलोअप शिविरों के माध्यम से शतप्रतिशत पात्र आवेदकों को लाभान्वित कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी एवं अपर कलेक्टर एच बी शर्मा व इच्छित गढ़पाले सहित जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### एंटी माफिया अभियान में तेजी लाएँ

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में जिले के सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एंटी माफिया अभियान में तेजी लाएँ। उन्होंने कहा इस काम में अब कोई ढ़िलाई न हो। बैठक में सीएम हैल्पलाइन सहित राज्य शासन की प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। साथ ही आगामी 16 अक्टूबर को प्रस्तावित एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी बैठक में की गई।

# लखीमपुर हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता टैनी को गिरफ्तार करें

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने ज्ञापन सौंपकर की मांग

भितरवार। लखीमपुर खीरी हत्याकांड के मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। हत्याकांड की पहली बरसी पर स्थानीय भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता केंद्रीय गृह राज्यमंत्री टैनी को बर्खास्त कर गिरफ्तार किये जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 अक्टूबर को तिकोनिया लखमीपुर खीरी उत्तर प्रदेश में आंदोलित को गाड़ी चढ़ाकर रौंद दिया था। इस घटना में चार किसान और एक पत्रकार शहीद हो गए थे। और घटना में 13 अधिक किसान घायल हो गए थे। सोमबार को घटना की पहली बरसी पर इन मृत किसानों को भारतीय किसान यूनियन ने श्रद्धाजंलि अर्पित कर एसडीएम के बाबू को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि लखीमपुर की घटना की पीछे सुनियोजित षणयंत्र था। जिसे बाहुबली अजय मिश्र टैनी ने अपने बेटे आशीष मिश्र टैनी के साथ मिलकर रचा था। जिसको लेकर देशभर विरोध प्रदर्शन हुआ था। शहीद किसानों के अंतिम संस्कार के दौरान किसान नेताओं के साथ सरकार कुछ मांगों पर समझौता हुआ था। लेकिन उस पर न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने कोई ध्यान दिया। आज घटना को पूरा एक साल हो गया है। लेकिन अभी तक किसानों को न्याय नहीं मिला। इसलिए मजबूरन किसान इस घटना से आहत होकर एक बार फिर लखीमपुर किसानों के लिए न्याय की मांग दोहरा रहे हैं। सौपे गए ज्ञापन में किसान यूनियन ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री को पद से बर्खास्त कर गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय भारतीय किसान यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष अमोल सिंह गुर्जर,ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिंह जाट,बलबिंद्र सिंह,सुखबिंदर सिंह,रामनिवास रावत,जशवंत सिंह,डॉ नागेश परिहार आदि किसान उपस्थित थे।

### महानवमी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

ग्वालियर । ग्वालियर जिले में महानवमी यानि मंगलवार 4 अक्टूबर को पूरे दिवस के लिये स्थानीय अवकाश रहेगा। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा महानवमी सहित जिले में मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिये तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह अवकाश घोषित किए हैं। स्थानीय अवकाश का यह आदेश बैंक, कोषालय एवं उपकोषालयों पर लागू नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कस्टडी से भागा हत्यारा पकड़ा

**फरारी काटने बन गया था संत, उसे पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को भी सुननी पड़ी कथा**

ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर आठ दिन पहले पुलिस कस्टडी से फरार हुआ छात्र की हत्या का आरोपी झांसी के बरुआ सागर में संत बन गया था। फरारी काटने वह एक मंदिर में चल रही भागवत कथा की मंडली में शामिल होकर वहीं रह रहा था। रोज संतों के साथ भोजन कर रहा था। पर पुलिस की नजर से वह ज्यादा नहीं बच पाया। पुलिस ने उसे सोमवार को भागवत कथा सुनते समय उठा लिया है। इसके लिए दो दिन पुलिस को भी वहां कथा सुननी पड़ी। इसके बाद अपहरण और हत्या के आरोपी जयपाल उर्फ मुकेश परिहार को पुलिस हाथ पैर बांधकर गाड़ी में डालकर ग्वालियर लाई है। क्राइम ब्रांच ने ग्वालियर लाकर उसकी अपने अंदाज में काफी सेवा की है। अब अफसर उससे पूछताछ कर रहे हैं।

**यह है पूरा मामला :** बहोड़ापुर इलाके में रहने वाले प्रंकुल शर्मा का जयपाल उर्फ मुकेश परिहार और उसके साथियों ने साल 2013 में अपहरण कर लिया था। बाद में डबरा के पास सिंध नदी में ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद भी आरोपी उसके परिवार से फिरौती की मांग करते रहे थे। बाद में इस बच्चे की लाश शिवपुरी में बरामद की गई थी। मुकेश के माता-पिता भी इस वारदात में शामिल रहे थे। इस मामले में कुल 9 आरोपी थे और 8 पहले ही पकड़े जा चुके हैं। मुकेश ही फरार था। वह जयपाल नाम से दिल्ली में रह रहा था। 23 सितंबर को पुलिस ने उसे दिल्ली से पकड़ा था। जब जयपाल उर्फ मुकेश छात्र के अपहरण और हत्या की वारदात में शामिल हुआ था तो वह 16 साल का था। उसके नाबालिग होने के कारण पुलिस गलफत में थी। 9 साल बाद अब वह 25 का हो गया है। उसकी उम्र को लेकर ही छानबीन करने बहोड़ापुर पुलिस की टीम स्ढ्ढ मोहनसिंह, हवलदार रवि पाठक 24 सितंबर को उसे लेकर घासमंडी स्थित उसके स्कूल श्रीकृष्ण मेमोरियल शासकीय स्कूल पहुंचे थे। यहां वह उसकी अंकसूची को लेकर बात कर रहे थे। उसका एक हाथ रस्सी से बांधकर हवलदार पकड़े हुए था। इसी बीच वह पुलिस को चकमा देकर भाग गया था।

**आठ शहरों में तलाश तब मिला आरोपी**

डीएसपी क्राइम ऋषिकेष मीणा व रत्नेश सिंह तोमर ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश में क्राइम ब्रांच को लगाया गया था। आरोपी को तलाशते हुए क्राइम की टीम गाजियाबाद पहुंची और यहां से क्लू मिला कि वह दिल्ली गया है। दिल्ली पहुंचने पर पता चला कि वह वापस मथुरा होते हुए झांसी, निवाड़ी, पृथ्वीपुर, मऊरानीपुर होते हुए बरूआ सागर पहुंचा है। इसका पता चलते ही क्राइम ब्रांच की टीम दो दिन पहले बरूआ सागर पहुंची और यहां से उसे दबोच लिया। मुकेश यहां पर आयोजित हो रही भागवत कथा में कथा का श्रवण कर रहा था। दो दिन भागवत में तलाश के बाद क्राइम ब्रांच के हाथ आरोपी लगा है।

**पुलिस से बचने मोबाइल किया था बंद**

पड़ताल में पता चला है कि आरोपी ने फरार होने के बाद ही अपना मोबाइल बंद कर लिया था, क्योंकि वह जानता था कि पुलिस मोबाइल से उसे ट्रेक कर लेगी। उसकी यह सावधानी उसके खिलाफ हथियार बन गई, क्योंकि क्राइम ब्रांच की टीम उसके पीछे लगी थी और उसके जाने का रास्ता तलाशते हुए आगे बढ़ी, मोबाइल बंद होने के कारण उसे जानकारी नहीं मिली कि क्राइम ब्रांच पीछे लगी है और उसे दबोच लिया।

**एक बार स्टार्ट हुई कार ग्वालियर आकर ही रूकी**

आरोपी के भागने की हरकत से वाकिफ क्राइम ब्रांच ने उसे कार में इस तरह बैठाया कि वह भाग ना सके और इसके हाथ और पैर बांध दिए।

# जिसने अपनी डोरी परमात्मा को सौंप दी उसका जीवन सार्थक है: मुनिश्री



### मुनिश्री पनिहार से पद विहार कर गुड़ गुड़ी का नाके पहुँचे, हुई आहराचार्य

ग्वालियर। ग्वालियर। मनुष्य को अपने आचरण पर ज्यादा जोर देना चाहिए। यह जीवन छोटा बहुत है पर है महत्वपूर्ण। चार दिन की जिन्दगी में चार बातें चाहिए। यदि ये चार बातें जीवन में जीवंतता प्राप्त कर लें तो चतुर्गति के चक्कर से छुटकारा मिल जाएं, चारों पुरुषार्थ सफल हो जाए। उन चार बातों में पहली बात है 'श्रद्धा' यदि श्रद्धा है तो पूजा भक्ति, तप, साधना, व्रत, उपवास आदि सार्थक है। श्रद्धा धर्म का प्राण है। दूसरी बात है परमात्मा के द्वारा कही वाणी पर मन और चिंतन करना। उसका स्वाध्याय करना। तीसरी बात है गुरु की भक्ति अर्थात् अपने जीवन रूपी गाडी के ड्राईवर को समपर्ण। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज सोमवार को गुड़ गुड़ी का नाका पर विजय जैन के निवास पर धर्मसभा में व्यक्त किये!

मुनिश्री ने कहाकि समर्पण भी हो तो गीली मिट्टी की तरह हो जिसको हाथ में लगने पर भी कितनी भी दूर फेकों फिर भी वह हाथ से ना छूटे। इसी प्रकार गुरु-शिष्य को कितना भी दूर करें तब भी शिष्य गुरु को ना छोड़े। अंतिम चैथी बात है आचरण की शुद्धि। यदि आचरण शुद्ध है तो जीवन में, समाज में, देश में उन्नति है। भगवान किसी को दुरूख-सुख नहीं देता बल्कि परमात्मा जिस मार्ग पर चला, उनसे प्रेरणा पाकर, उस पथ पर चलकर हम सुखी हो सकते हैं और पंथ से विचलित होकर दुख। जिसने अपनी डोरी परमात्मा को सौंप दी तो उसका जीवन सार्थक है, चाहे शरीर टूटे पर श्रद्धा ना टूटे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज के मंगल प्रवचन प्रातः 9ः00 बजे से माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल आशियाना भवन में होंगे।

# साधारण सभा की पहली बैठक

### पानी, बिजली, खाद व स्वास्थ्य सेवाओं पर मंथन

### जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव की अध्यक्षता में हुई साधारण सभा की पहली बैठक



ग्वालियर। नवगठित जिला पंचायत साधारण सभा की पहली बैठक में पानी, बिजली, राशन व खाद वितरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर गहन विचार मंथन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव की अध्यक्षता में आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में जोर देकर कहा गया कि ग्रामीण अंचल के अस्पतालों में चिकित्सकों एवं पैरामेडीकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई न हो। साथ ही सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जल जीवन मिशन सहित सभी विभागों के कार्यक्रमों में जिला पंचायत सदस्यों को भी अनिवार्यतः भागीदार बनाएँ। साथ ही कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी भी उपलब्ध कराएँ।

सिरोल रोड़ पर स्थित जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह सहित जिला पंचायत के अन्य सदस्यगण तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों के साथ स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएँ। इन शिविरों में बीएमओ एवं सहयोगी स्टाफ दवाओं के साथ मौजूद रहें। उन्होंने बैठक में जानकारी दी की ग्रामीण अंचल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये शहर में संलग्न 39 एएनएम को फिर से गाँवों में पदस्थ कर दिया गया है। बैठक में स्वास्थ्य, विद्युत जल जीवन मिशन व सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा विस्तार से प्रजेण्टेशन दिए गए।

### जिले में खाद की कमी नहीं

साधारण सभा की बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। किसान भाईयों द्वारा अत्यधिक मात्रा में एडवांस रूप से खाद का उठाव करने से कुछ संस्थाओं पर आ रही दिक्कत भी जल्द ही दूर हो जायेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बैठक में जानकारी दी कि विभिन्न सहकारी संस्थाओं पर 25 टन के मान से यूरिया व अन्य उर्वरक का भण्डारण कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि इस साल किसानों को डीएपी भी उपलब्ध होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478